


बालाघाट, सिवनी, गोंदिया एवं भंडारा जिले मे प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 02 अगस्त 2026 | दिन - रविवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 187 | मूल्य - 5 रुपये















जग प्रेरणा live शहर बालाघाट

● गर्रा ● भटेरा ● देवटोला ● आंवलाझरी ● भरवेली ● हीरापुर ● कोसमी ● नवेगांव ● गोंगलई







# बालाघाट से सीधे भोपाल यात्रा के लिये ब्रॉडगेज संघर्ष समिति के प्रस्ताव पर सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने दी सहमति..

## पेंचवेली एक्सप्रेस को बालाघाट से 4 दिन चलाये जाने को दिया समर्थन..

## सांसद के रुप मे भारती पारधी की गैर जिम्मेदार भूमिका आई सामने..



जगप्रेरणा बालाघाट।

*गोंदिया जबलपुर बड़ी रेल लाईन भले ही ब्रॉडगेज संघर्ष समिति के निरंतर आंदोलनों के कारण शुरु हो गई, लेकिन अभी भी बालाघाट के यात्रियों को सर्वाधिक आवश्यक रेल यात्रा का सौभाग्य प्राप्त नहीं हो पा रहा है, कारण यह कि बालाघाट मध्यप्रदेश के अंतर्गत आने वाला जिला है, जिसकी राजधानी बालाघाट से 450 कि.मी. की दूरी पर स्थित भोपाल है।*

प्रतिदिन बालाघाट से लगभग 5 - 7 बसें भोपाल के लिये संचालित है, जबकि वहीं बालाघाट से जिन यात्रियों को बसों में जगह नहीं मिलती वे सिवनी और छिंदवाड़ा पहुंचकर वहां से आगे की यात्रा करते हैं, जबकि गोंदिया पहुंचकर फिर वहां से सैकड़ों की संख्या में यात्री ट्रेनों द्वारा आवागमन करते हैं, इसी प्रकार अपने संसाधनों से भी अधिकारियों, नेताओं आदि को भोपाल यात्रा करनी पड़ती है, जिससे कि समझा जा सकता है कि बालाघाट जिले के निवासियों के लिये बालाघाट से भोपाल और इंदौर की यात्रा कितनी आवश्यक है। देखा जाए तो प्रतिदिन 2 से अधिक लोग बालाघाट से भोपाल की ओर यात्रा करते हैं, जिसमें अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी, नेता एवं अन्य लोग शामिल होते हैं।

बालाघाट संहित क्षेत्र के रेल यात्रियों की आवश्यकता के लिये विगत 25 सालों से निरंतर आवाज उठाने वाले ब्रॉडगेज नेता अनुप सिंह बैस भले ही कांग्रेस के नेता हैं, लेकिन भाजपा सरकार में भी चाहे सांसद कोई हों, और कितने भी गैर जिम्मेदार क्यों ना हो, लेकिन अनुप सिंह बैस रेल भवन से लेकर विभिन्न सांसदों के माध्यम से भी बालाघाट की रेल जरुरतों की आवाज बुलंद करने से नहीं चुकते, और यही कारण है कि पेंचवेली एक्सप्रेस जो कि मंडला से संचालित हो रही है, तथा सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते के विशेष प्रयासों से यह ट्रेन मंडला वासियों को मिल ही गई, लेकिन अब इस ट्रेन को बालाघाट से चलाये जाने के लिये ब्रॉडगेज नेता अनुप सिंह बैस से सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते से भी चर्चा कर उनकी सहमति प्राप्त कर ली, जिससे कि अब बालाघाट से भोपाल के लिये सप्ताह में तीन या चार दिन यह ट्रेन मंडला की बजाए बालाघाट से भी चलाई जा सकती है, यह खुशखबरी ब्रॉडगेज नेता अनुप सिंह बैस ने जगप्रेरणा को दी है।

अनुप सिंह बैस ने बताया कि पेंचवेली एक्सप्रेस जो अनावश्यक रुप से विगत एक वर्ष से नैनपुर और मंडला के बीच में खाली चल रही है जिससे करोड़ों रुपए का नुक़सान रेलवे को हो चुका है। इस स्थिति में ब्राडगेज रेल संघर्ष समिति राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट अनूप सिंह बैस ने दिल्ली में पूर्व केंद्रीय मंत्री मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते से भेंट कर उनसे निवेदन कर प्रस्ताव दिया कि पेंचवेली को चार दिन गोंदिया बालाघाट से तथा तीन दिन मंडला से चलाया जाए, और यदि रेल बोर्ड बालाघाट से भोपाल इंदौर के लिए नई रेक उपलब्ध कराता है तो इसे मंडला से नियमित कर दिया जाए और बालाघाट से भोपाल इंदौर के लिए एक नई एक्सप्रेस ट्रेन चलाई जाए।

**ब्राडगेज रेल संघर्ष समिति अध्यक्ष अनुप सिंह बैस के इस प्रस्ताव को फग्गन सिंह कुलस्ते ने सहमति प्रदान की, और इसे रेल मंत्री की ओर प्रेषित भी कर दिया।**



### गैर जिम्मेदार भूमिका मे सांसद भारती पारधी..

गौरतलब है कि कहा जाता है कि कभी भी किसी भी पद पर व्यक्ति को उसकी योग्यता और उसके संघर्ष के दम पर ही प्रदान की जानी चाहिये, नहीं तो ऐसे लोग पद और जिम्मेदारी को ठेंगा दिखाने का काम कर ही देते हैं। ऐसे ही राजनीतिक जीवन में सिर्फ एक दो नेताओं के इर्द गिर्द परिक्रमा लगाते हुए तथा संगठन में सिर्फ औपचारिक उपस्थितियां दर्ज कर बिना आंदोलन और बिना संघर्ष के एक वार्ड पार्षद बनने वाली महिला नेत्री भारती पारधी को जब मोदी सरकार में टिकिट दे दी गई तो मोदी लहर में पूर्व सांसदों की तरह भारती पारधी भी जीत गई। ये अलग बात है कि भारती पारधी के पार्षद बनने के बाद उनके वार्ड के लोग भी खुश नहीं थे, लेकिन फिर भी मोहतरमा सांसद बन ही गई। खैर, सांसद बनने के बाद भारती पारधी जनहित में कितनी सक्रिय हैं, जहां इस बात से आम जनता परिचित हो चुकी है, वहीं सांसद भारती पारधी की गैर जिम्मेदारी बालाघाट की रेल जरुरतों को लेकर भी समझी जा सकती है। बालाघाट से सीधी नागपुर, रायपुर, भोपाल, इंदौर आदि पैसेंजर एवं सुपरफास्ट ट्रेनों की आवश्यकता है, लेकिन इन सबके लिये भारती पारधी के प्रयास शून्य होने के कारण बालाघाट के लोग जहां यात्री ट्रेनों की समयबद्धता में देरी का दुख झेल ही रहे हैं, वहीं बालाघाट से सीधी भोपाल ट्रेन के लिये जहां अन्य जिले के सांसद होने के बावजूद फग्गन सिंह कुलस्ते ने बालाघाट के लिये दरियादिली दिखाई है, वहीं भारती पारधी तो पत्रकारों को यह कहने से भी नहीं चूकती की बच्चे को पैदा होने में भी नौ महीने लगते हैं। सांसद भारती पारधी के सांसद के रुप में अपने संसदीय कर्तव्य का एहसास कराने में कितने महीने लगेंगे यह देखने वाली बात होगी।

# नूतन कला निकेतन में स्व. मोहम्मद रफी को दी गई संगीतमयी श्रद्धांजलि..

## हिन्दी सिनेमा के स्वर्णिम युग के अमर कलाकारों को किया नमन..







जगप्रेरणा बालाघाट।

*बालाघाट में 31 जुलाई की रात दिवंगत गायक कलाकार मोहम्मद रफी की पुण्यतिथि पर एक संगीतमय श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिले के 43 गायन और ऑर्केस्ट्रा कलाकारों ने मोहम्मद रफी, किशोर कुमार, मुकेश, लता मंगेशकर, आशा भोसले, मन्ना डे, हेमंत कुमार सहित अन्य दिवंगत गायक कलाकारों को उनके गीतों के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की गई।*

नूतन कला निकेतन के मंच पर आयोजित यह संगीतमय आयोजन ऑर्केस्ट्रा सारेगामापा के सहयोग से पिछले 10 वर्षों से लगातार 31 जुलाई को आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष भी बालाघाट के कलाकारों ने मोहम्मद रफी एवं अन्य सभी दिवंगत गायकों के गाए गीतों को गाकर श्रद्धांजली अर्पित की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में आईजी ललित शाक्यवार कहा कि ने देश के महान गायक कलाकारों को गीतों के माध्यम से दी गई श्रद्धांजलि कार्यक्रमों की सराहना की। उन्होंने कहा कि बालाघाट खेल, सामाजिक, रचनात्मक और सांस्कृतिक गतिविधियों सहित हर क्षेत्र में अग्रणी है, जो यहां की समृद्ध सोच को दर्शाता है। श्री शाक्यवार ने यह भी कहा कि भारतीय संगीत लोगों के दिल में बसता है, संगीत दवा का भी काम करता है। यह जीवन में ऊर्जा और उत्साह भी प्रदान करता है। इस अवसर पर डीआईजी विनित जैन, नूतन कला निकेतन के संरक्षक किरणभाई त्रिवेदी और अध्यक्ष रूप बनवाले सहित बड़ी संख्या में संगीत प्रेमी श्रोता उपस्थित थे। सभी ने देर रात तक चले इस संगीतमय कार्यक्रम का आनंद लिया।

# श्रीराम नगर गायखुरी में श्री शिव महापुराण एवं रूद्राभिषेक महोत्सव

**यज्ञ हवन व महाप्रसाद वितरण के साथ 5 अगस्त को कथा समापन**

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

विलक्षण रामायण महिला मंडल द्वारा गुरूपूर्णिमा व सावन मास के अवसर पर शहर के वार्ड नंबर 33 श्रीराम नगर गायखुरी में सुमित्रा हाईट्स भवन में 29 जुलाई से 5 अगस्त तक संगीतमयी सार्वजनिक श्री शिव महापुराण एवं रूद्राभिषेक महोत्सव आयोजित किया गया है। श्री शिवपुराण का वाचन ब्रजरसिकाचार्य मुकेश तिवारी द्वारा किया जा रहा है।

इस संबंध में श्रीमती सुमित्रा तिलकचंद भागडक़र ने बताया कि जिले की सुख समृद्धि की कामना को लेकर सावनमास में शिव महापुराण का आयोजन किया गया है। इसमें सुबह 10 बजे से सर्वदेव पूजन एवं रूद्राभिषेक दो 2 बजे से शाम 6 बजे तक श्री शिव महापुराण कथा वाचन किया जा रहा है। 5 अगस्त को कथा विश्राम, यज्ञ हवन एवं महाप्रसाद वितरण किया जाएगा।

कथावाचक मुकेश तिवारी द्वारा शिव महापुराण का विस्तार से बखान किया जा रहा है। कथा के बीच सुमधुर भजनों का आनंद भी श्रोतागण उठा रहे है। श्री शिवपुराण कथा का श्रवण करने व उक्त कार्यक्रम में श्रद्धालुजनों से अधिकाधिक उपस्थिति का आव्हान वैभव कश्यप, श्रीमती छाया ललित गुप्ता, तिलकचंद भागडक़र, बेनीराम खोटेले, रमेश पेंढारकर, शिववंशी जी, रामजी गौतम, संतोष लिल्हारे, श्रीमती मंदा बहेकार, राखी रावते, कला भगत, उर्मिला मिसारे, लौंगा बेदरे, अनुसुइया सोनेकर, श्रीमती कौशल्या दौने, विमला सोनेकर, श्रीमती भगत सहित आयोजन समिति के सभी पदाधिकारी व सदस्यों ने की है।

# शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में दो दिवसीय जिला शालेय कराटे प्रतियोगिता का शुभारंभ..



जगप्रेरणा बालाघाट।

*मध्यप्रदेश शासन के लोक शिक्षण संचालनालय, भोपाल के निर्देशानुसार स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय शालेय कराटे प्रतियोगिता का शुभारंभ शुक्रवार को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, बालाघाट के सभागार में*

किया गया। यह प्रतियोगिता 31 जुलाई से 1 अगस्त 2026 तक आयोजित की जा रही है, जिसमें जिले के विभिन्न विकासखंडों से छात्र-छात्राएं अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता का शुभारंभ शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य श्री शरद ज्योतिषी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर क्रीड़ा प्रभारी दीपक गिरी गोस्वामी तथा व्यायाम शिक्षिका सुनीता बिसेन ने प्रतियोगिता के सफल संचालन की जिम्मेदारी निभाई और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न आयु एवं भार वर्गों में मुकाबले आयोजित किए जाएंगे।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी आगामी संभाग एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए चयनित किए जाएंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में व्यायाम शिक्षक हरिस धुवारे, मीना मेश्राम, वीना चौधरी, ज्योति पंचेश्वर एवं आशा सुल्लखे का विशेष सहयोग रहा। वहीं कराटे प्रशिक्षकों दिनेश कोरे, कृष्णदास गोंडुडे, संतोष पारधी, प्रवीण नन्हेट, आकाश झा, आशीष बाघ, लकी मरावी, संजू मेश्राम, शुभम मनेश्वर, राकेश वरकड़े, गणेश बोढे, प्रमोद शरणागत एवं जय ठाकरे ने प्रतियोगिता के संचालन एवं तकनीकी व्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मरक्षा, अनुशासन, आत्मविश्वास और खेल भावना का विकास करना है। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा तथा उन्हें अगले स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।













विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा live जिला सिवनी
बरघाट, छपारा, केवलारी, घंसौर, लखनादौन, धनोरा एवं संपूर्ण सिवनी जिले की खबरें..

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# जन समस्या निवारण संस्थान सिवनी ने पौधरोपण एवं रक्तदान के माध्यम से दिया पर्यावरण और मानव सेवा का संदेश..






**जगप्रेरणा सिवनी।**

जन समस्या निवारण संस्थान सिवनी द्वारा आज द टॉपर्स स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, सिवनी में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संस्थान की जिला अध्यक्ष श्रीमती पार्वती डहेरिया के नेतृत्व एवं विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती साहिबा खान की अध्यक्षता में किया गया। संस्थान की जिला उपाध्यक्ष श्रीमती अमृता बेदी के जन्मोत्सव के अवसर पर फलदार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लिया। संस्थान द्वारा बताया गया कि जन समस्या निवारण संस्थान अपने पदाधिकारियों के जन्मोत्सव जैसे शुभ अवसरों को समाजहित से जोड़ते हुए पौधरोपण जैसे प्रेरणादायी कार्य करता है। संस्था का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ समाज में सेवा और जागरूकता की भावना को बढ़ावा देना है। इसी क्रम में संस्थान की जिला उपाध्यक्ष श्रीमती अमृता बेदी ने अपने जन्मोत्सव पर जिला अस्पताल, सिवनी में छठी बार रक्तदान कर मानवता की उत्कृष्ट मिसाल प्रस्तुत की। संस्थान ने इसे समाज के लिए प्रेरणादायक कदम बताते हुए अधिक से अधिक लोगों से रक्तदान एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे जनहितकारी कार्यों में भागीदारी की अपील की।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्थान की जिला अध्यक्ष पार्वती डहेरिया, जिला उपाध्यक्ष अमृता बेदी, जिला उपाध्यक्ष (विधि प्रकोष्ठ) एडवोकेट देवेन्द्र डहरवाल, नगर उपाध्यक्ष (विधि प्रकोष्ठ) शालनी डहेरिया, सदस्य सीता डहेरिया, लक्ष्मी बघेल, इरफान खान, फातिमा अंजुम, स्नेहा दुबे, शारदा कुमरे सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं जनसेवा के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा। जन समस्या निवारण संस्थान ने विश्वास व्यक्त किया कि ऐसे जनहितकारी अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगे और समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करते रहेंगे।

# स्कार्फ -डे पर एक पेड़ मां के नाम के तहत स्काउट एवं रेडक्रास द्वारा हुआ वृक्षारोपण..







**जगप्रेरणा सिवनी।**

हरियाली महोत्सव-2026 के तहत जिले में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी एवं आदिम जाति विभाग जिला सिवनी द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम बालक आश्रम शाला अग्रेजी माध्मम चूनाभट्टी डूंडासिवनी सिवनी में किया गया

रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव अरूण राय ने बताया कि यह कार्यक्रम इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी, मध्यप्रदेश राज्य शाखा भोपाल के निर्देशों के अनुरूप श्रीमती नेहा मीणा, कलेक्टर सिवनी के निर्देशानुसार 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान अंतर्गत जिले के सभी विद्यालयों, आश्रम शालाओं एवं महाविद्यालयों में जूनियर रेडक्रॉस और युवक रेडक्रॉस इकाइयों के विद्यार्थियों, स्वयंसेवकों, शिक्षकों एवं संस्था प्रमुखों की सहभागिता से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित हो रहे है।

इसी तारतम्य में सहायक आयुक्त-आदिम जाति लालजी मीणा के मार्गदर्शन में आदिम जाति विभाग द्वारा चूनाभट्टी में संचालित अंग्रेजी माध्यम-बालक आश्रम शाला परिसर में स्काउट गाइड जिला संघ के पदाधिकारियों, शिक्षको एवं बच्चों एवं रेडक्रॉस पदाधिकारियों एवं सदस्यों के द्वारा वृक्षारोपण के साथ-साथ 'स्कार्फ डे' का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम जिला संगठन आयुक्त स्काउट रघुवीर सिंह ठाकुर ने संचालन करते हुए उपस्थित सुश्री पूजा उइके क्षेत्र संयोजक एवंजिला कमिश्नर-गाइड, मनोहर राहंगढाले जिला कमिश्नर-स्काउट, तरुण श्रीवास्तव-जिला सचिव स्काउट/ गाइड, रेडक्रास चेयरमेन डाँ संदीप उपाध्याय, सचिव अरुण राय, सदस्य पी.एल वर्मा, डाँ अभिषेक शुक्ला व श्रीमती सविता गौतम का स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया गया एवं एक अच्छा कार्य करने का वचन लिया गया।

तत्पश्चात रेडक्रास एवं स्काउट गाइड के पदाधिकारियों, शिक्षको एवं बच्चो के द्वारा आश्रम परिसर मे आम, जामुन, मुनगा, अमरूद, नींबू , कटहल सहित 16 पौधों का रोपण किया गया एवं शाला में अध्ययनरत बच्चों द्वारा पौधौ की देखभाल की जबाबदारी ली गयी।सचिव अरुण राय द्वारा बताया गया कि रेडक्रास द्वारा आगामी समय में परिसर मे संचालित सभी आश्रम शालाओं के बच्चो एवं कार्यरत सभी लोकसेवको का एक निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी आयोजित किया जावेगा। उक्त वृक्षारोपण एवं स्कार्फ डे के अवसर पर टी सी कोसरे, श्रीमती ममता साहू, श्रीमती अनामिका बघेल, रविंद्र कुमरे, श्रीमती भुवनेश्वरी डहेरिया श्रीमती लेखा परते एवं अध्ययन रत बच्चे उपस्थित रहे अंत मे तरुण श्रीवास्तव द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# जन शिक्षक, बी ए सी, बीआर सी सी की समीक्षा बैठक सम्पन्न..



**जगप्रेरणा छपारा।**

बीते दिवस 30 जुलाई को समस्त जनशिक्षक बीएसी, बीआरसीसी एवं कार्यालयीन कर्मचारियों की समीक्षा बैठक ऐजेण्डा के तहत रखी गई, जिसमे

पाठ्यपुस्तक वितरण की समीक्षा, शाला में शतप्रतिशत नामांकन पूर्णता एवं ट्रांजीसन लास पर चर्चा, चाइल्ड ट्रेकिंग एप के माध्यम से लक्ष्य पूर्ण करने की समीक्षा, ड्राप आउट बालक/छात्रो की संख्या को शून्य किया जाना, शतप्रतिशत बच्चों की अपार आइडी निर्माण पर समीक्षा, यूडाईस में शतप्रतिशत बच्चों का प्रोग्रेशन यूडाईस के अंतर्गत शत-प्रतिशत बच्चों का आधार अपडेशन, लंबित अपार 10 पर समीक्षा, उल्लास नव भारत साक्षरता एन.एल.पी. के असाक्षरों का चिन्हांकना साक्षरता कार्यक्रम की प्रगति पर चर्चा, एक पेड़ मॉ के नाम **ECO CLUB** पर अपलोड की समीक्षा, स्नरन्ह की मेंटरिंग की समीक्षा, शैक्षिणक गुणवत्ता परख शालओं का निरीक्षण ,विद्यर्थियों की 100 प्रति. उपस्थिति पर समीक्षा, हमारे शिक्षक एप पर उपस्थित की समीक्षा , आंगनवाड़ी की समीक्षा, साइकिल एवं गणवेश वितरण (2025-26) (2026-27) समीक्षा, ओलम्पियाड रजिस्ट्रेशन की समीक्षा। **NMMS** रजिस्ट्रेशन पर समीक्षा, जवाहर नवोदय विद्यायल रजिसट्रेशन, इंस्पायर अवार्ड रजिस्ट्रेशन, केजीव्हीव्ही एवं बालिका छात्रावास में आनलाइन प्रवेश की समीक्षा, बाढ़ आपदा प्रबंधन की सुरक्षा हेतु उपाय, विद्यालय के उपर में हाईटेशन लाइन नही होने का सत्यापन, वास एण्ड व्हील अंतर्गत पानी की टंकी की साफ-सफाई एवं क्लोरिन नेशन, सीडब्ल्यु एस एन छात्र छात्राओ का चिन्हांकन/ रजिस्ट्रेशन, जर्जर भवनो में विद्यालय संचालन न करने के निर्देशो पर अमल, जादुइ पिटारा वितरण एवं एजुकेशन पोर्टल एवं एजुकेशन पोर्टल पर जानकारी दर्ज करना, **RTE** अंतर्गत सत्र 2024-25 की फीस प्रतिपूर्ति हेतु प्रपोजल लॉक कराने की समीक्षा, रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा का प्रशिक्षण स्कूलों का चयन एवं क्रियान्वयक की समीक्षा की गई, साथ ही अन्य बिन्दु सविस्तार चर्चा की जाकर सभी बिंदुओं पर बीएसी को जनशिक्षा केन्द्र आंबटित किए जाकर सभी बिंदुओ पर **BAC** को जनशिक्षा केन्द्र आबंटित किये जाकर प्रतिदिन की रिपोटिंग और उसका दैनिक **follow up** सुनिश्चित किये जाने निर्देशित किया गया।

# सिवनी नगरपालिका का ध्यान नगर विकास में नहीं है समाग्री खरीदी में अधिक है : राजिक





**जगप्रेरणा सिवनी।**

सिवनी नगरपालिका का ध्यान नगर विकास में नहीं है समाग्री खरीदी में अधिक है और नगरपालिका इनलींगल लोग चला रहें है यह बात सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन ने भी सार्वजनिक रूप से बोल चुके है। दिनांक 06/ 07/ 2026 साधारण सम्मिलन जिसमें 117 विषय शामिल किए गए थे अधिकांश विषय दर स्वीकृति एवं खरीदी के थे, कांग्रेस पार्षदो द्वारा इस बैठक को स्थगित करने के लिए जिला कलेक्टर, मुख्य नगरपालिका अधिकारी से निवेदन भी किया गया था क्यों कि इसमें पार्षदों को अवकाश के दिन 2 दिन पूर्व ऐेजेंडा (कार्य सूची) दिया गया था, इतने कम समय में इतने अधिक विषयों की फाईल का अवलोकन करना संभव नही था।

राजिक अकील पार्षद गुरूनानक वार्ड सिवनी द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया किकांग्रेस पार्षदों की मांग को अस्वीकार करते हुए नियम विरूद्ध बैठक आयोजित की गई और डेढ़ घंटे में 115 विषय बिना किसी चर्चा के स्वीकृत किये गए। प्रस्ताव क्रं 69 दादा गुरू कन्ट्रक्शन काया कल्प अभियान 02 डामरीकरण कार्य अतिरिक्त व्यय राशि पालिका निधि से स्वीकृत कराकर बिना प्रोसिडिंग(कार्यव्रत) लिखे दिनांक 10/ 07/ 2026 को पैतीस लाख आठ हजार तीन सौ चैहत्तर रूपय का भुगतान कर दिया गया। जिसकी प्रोसिडिंग आज दिनांक तक कम्पलीट नही की गई। चलित शौचालय, टेक्टर ट्राली, जेसीबी, महिला/पुरूष पेशाब घर, मिनी फायर, हाथ गाड़ी सहित अनेक समाग्री की दरे परिषद की बैठक में दरे स्वीकृत की गई। इनमें से अधिकांश समाग्री यदि नगरपालिका रिपेरिंग करा लिए जाते जो कि फिल्टर में रखे रखे कबाड हो रहा है तो नये खरीदने की आवश्यकता नही पड़तौ।

पूर्व में नाला निकालने के लिए छोटी मशीन खरीदी गई थी जिसे कोई काम में नही लिया गया वह रखे रखे जंग खा गई। नई छोटी जेसीबी मशीन पुनः क्रय की गई है जिसमें लोहे व्हील है जो कि सिवनी की सड़को में चले तो डाम्हर ओर सी सी रोड़ को उखाड़ देगी 24,45,000 रू. क्रय की गई है। डस्टबीन क्रय किए गए है पूर्व में सैकड़ो डस्टबीन फिल्टर प्लॉट और मानस भवन में धूल खा रहें है, नगरीय प्रशासन का स्पष्ट आदेश है कि नगरपालिकाओं को डस्टबीन मुक्त करना है। फिर दोगुने दामों में डस्टबीन खरीदने का क्या औचित्य है। 2 शव वाहन में से एक शव वाहन कई दिनों से खराब पड़ा है अनेक बार एक ही समय में 2 शव वाहनों की नगर में आवश्यकता पड़ती है उक्त शव वाहन को नगरपालिका रिपेरिंग नही करा पा रही है इसी तरह शव रखने के फ्रिज़र बाहर पड़े है उन्हें भी रिपेयर नही करा पा रहा है। नगर के लोग आवश्यकता पड़ने पर फ्रिज़र के लिए इधर उधर भटकते है।

पुराने टेक्टर, हाथ गाडी की रिपेरिंग नही कराई जा रही है नये वाहनों की खरीदी की जा रही है कार्यकारी अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया नगर में आवश्यक कार्यो को छोड़ समाग्री क्रय में ज्यादा रूचि ले रहें है नगर को सुंदर एवं यातायात को सुव्यवस्थित बनाने के लिए कोई कार्य नही किये जा रहें है। कांग्रेस पार्षद द्वारा अनेक बार जिला कलेक्टर, संयुक्त संचालक, नगरीय प्रशासन जबलपुर, नगरीय प्रशासन भोपाल को शिकायत की गई लेकिन आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नही की गई।

# कंगना रनौत के बयान पर भड़का गुस्सा

## धनौरा में यूथ कांग्रेस, महिला कांग्रेस और NSUI ने फूंका पुतला, सार्वजनिक माफी की मांग..

**जगप्रेरणा बलजीत सिंह धनौरा।**



अभिनेत्री व भाजपा सांसद कंगना रनौत द्वारा छात्रों और युवाओं **(Gen-Z)** को लेकर दिए गए विवादास्पद बयान के विरोध में आज धनौरा के स्टेट बैंक के पास कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन देखने को मिला। यूथ कांग्रेस, हस्ढ्ढ, महिला कांग्रेस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सांसद कंगना रनौत के खिलाफजमकर नारेबाजी करते हुए उनका पुतला दहन किया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि किसी भी समाज या छात्र वर्ग के प्रति अपमानजनक भाषा कतई स्वीकार नहीं की जाएगी। इस प्रकार के बयान समाज में वैमनस्य फैलाने का कार्य करते हैं। नेताओं ने मांग की कि कंगना रनौत अपने इस बयान पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगें, अन्यथा इस आंदोलन को ब्लॉक स्तर से आगे बढ़ाकर और उग्र किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान महिला कांग्रेस यूथ कांग्रेस, **NSUI**,पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
मो.- 8817448039

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें मो. 9329033433

# मां बैनगंगा से गंगाजल भरकर वीर वटकेश्वर महादेव मंदिर आएंगे कांवड़िए

## 'बम-बम भोले' के जयकारों के साथ निकलेगी कावड़ यात्रा..




**जगप्रेरणा सिवनी।**

सावन के पावन आगमन के साथ ही चारों ओर 'बम-बम भोले' और 'हर-हर महादेव' की गूंज है। कांवड़िए कावड़ यात्रा की तैयारी कर रहे हैं। इसी तारतम्य में बारापत्थर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी समता नगर स्थित वीर वटकेश्वर महादेव मंदिर से सावन के प्रथम सोमवार 3 अगस्त को प्रातः कावड़ यात्रा निकाली जाएगी। जो कि लखनवाड़ा स्थित पतित पावनी मां बैनगंगा से कांवड़िए कावड़ में जल भरकर कांधे में लाते हुए सर्वप्रथम मठ मंदिर में महाकाल का जलाभिषेक करेंगे। तत्पश्चात नगर भ्रमण करते हुए बारापत्थर स्थित वीर वटकेश्वर महादेव मंदिर पहुंच कर सह परिवार विराजित भगवान भोलेनाथ का गंगाजल से अभिषेक किया जाएगा। मंदिर के पुजारी पंडित मोहन पांडे एवं वीर वटकेश्वर महादेव मंदिर के स्थापक सेवादार जितेन्द्र सिंह ने परिवार सहित सभी सनातनी से अधिक से अधिक संख्या में कांवड़ यात्रा में शामिल होने का निवेदन किया है। वहीं दुर्गा चौक माता राजराजेश्वरी दुर्गा मंदिर के आचार्य राजेंद्र पांडे ने बताया कि कांवड़ यात्रा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि भगवान शिव के प्रति त्याग, संयम और अगाध श्रद्धा का प्रतीक है। कावड़ यात्रा से भगवान शिव प्रसन्न होकर भक्तों की सभी मनोकामनाओं को पूर्ण करते हैं।

# देव संस्कृति फाउंडेशन द्वारा मनाया गया स्वैच्छिकता पर्व




**जगप्रेरणा सिवनी।**

*मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद सिवनी के जिला समन्वयक राजेंद्र चौधरी के मार्गदर्शन एवं ब्लॉक समन्वयक श्री कुलदीप सिंह ठाकुर के सानिध्य में*

सेक्टर सुकतरा ब्लॉक कुरई के ग्राम बिहिरिया में हनुमान मंदिर के समीप दिनांक 31 जुलाई दिन शुक्रवार को मध्य प्रदेश जन अभियान द्वारा चलाए जा रहे स्वैच्छिकता पर्व के अंतर्गत एक पेड़ मा के नाम योजना में आम,नीम, जाम आदि के पेड़ लगाकर उत्सव धूम धाम से मनाया गया।

इस कार्यक्रम में सेक्टर सुक तरा की नवांकुर संस्था के अध्यक्ष रंजीत रानू साहू एवं सचिव अशोक शिववेदी द्वारा उपस्थित लोगों को पर्व की महत्ता पर प्रकाश डाला गया ।

रंजीत रानू साहू द्वारा कहा गया कि बरसात के दिनों में पेड़ लगाना और उनका संरक्षण करना जरूरी है क्योंकि पेड़ हमारे मित्र है। पेड़ो के बिना जीवन की का कल्पना करना एक कोरा स्वपन जैसा है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कलबोडी के अध्यक्ष श्रीमती गौरी विश्वकर्मा सचिव श्रीमती सुनीता चंदेल के अलावा ग्राम के अन्य सदस्य श्री धनलाल धुर्वे, लालसिंह, धर्मचंद विश्वकर्मा, अंबिका साहू, श्रीमती सिया चंदेल, रानी सराठे, प्रीति चंदेल के अलावा केवल पंचेश्वर आदि की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों से नशा न करने की अपील की गई और रंजीत रानू साहू द्वारा शपथ दिलाई। कार्यक्रम का आभार व्यक्त प्रदर्शन श्रीमती गौरी विश्वकर्मा जी ने किया।

# जनपद पंचायत धनौरा में तहसीलदार धुर्वे जी को दी गई भावभीनी विदाई..





## नए तहसीलदार राजेंद्र टेकाम जी का स्वागत; बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था की जगी उम्मीद..

**जगप्रेरणा बलजीत सिंह धनौरा।**

जनपद पंचायत धनौरा के सभा कक्ष में धनौरा तहसीलदार अमृत लाल धुर्वे के सेवानिवृत्त होने पर एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। अपने 37 वर्ष और 3 माह के लंबे व सफल शासकीय सेवा कार्यकाल को पूर्ण करने पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा श्री धुर्वे जी का शॉल, श्रीफल व पुष्पमालाओं से आत्मीय अभिनंदन कर भावभीनी विदाई दी गई। इस दौरान सरपंच संघ एवं उपस्थितजनों ने उनके स्वस्थ, दीर्घायु एवं सुखद जीवन की कामना करते हुए 'सेवा जोहार' के साथ शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

## नवागत तहसीलदार राजेंद्र टेकाम का आत्मीय स्वागत..

समारोह के साथ ही धनौरा तहसील के नवागत तहसीलदार राजेंद्र टेकाम का ब्लॉक के जनमानस एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा गर्मजोशी के साथ स्वागत व अभिनंदन किया गया।

## कानून व्यवस्था व जन समस्याओं के त्वरित निराकरण की उम्मीद..

नवागत तहसीलदार राजेंद्र टेकाम के आगमन से धनौरा ब्लॉक के आम नागरिकों और जनप्रतिनिधियों में एक नई उम्मीद जगी है। क्षेत्रवासियों को पूर्ण आशा एवं विश्वास है कि श्री टेकाम तहसील क्षेत्र में कानून एवं प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ व पारदर्शी बनाएंगे। साथ ही, ब्लॉक के समस्त जनमानस के सीमांकन, नामांतरण, राजस्व प्रकरणों तथा स्थानीय समस्याओं पर निष्पक्ष व उचित निर्णय लेकर पूरी निष्ठा और तत्परता के साथ आम जनता को राहत पहुंचाएंगे।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा
वारासिवनी, कटंगी, लालबर्रा, बैहर, मलाजखंड, परसवाड़ा..
रामपायली, खैरलांजी, तिरोड़ी, महकेपार, उकवा, गढ़ी, बिरसा, कनकी, बेहरई..

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# 40 साल के शादीशुदा युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, मृतक की पत्नी ने पड़ोसी दुकानदार भगत पर लगाया प्रताड़ना का आरोप..

## मृतक कपड़ा प्रेस और गुपचुप की दुकान लगाता था



**जगप्रेरणा कटंगी (बालाघाट)।** बालाघाट जिले के कटंगी थाना अंतर्गत कटंगी नगर परिषद के वार्ड नंबर 3 से श्याम 5:00 बजे एक मामला प्रकाश में आया प्राप्त जानकारी के अनुसार कटंगी वार्ड नंबर 3 निवासी जो की स्वतंत्रत राहगडाले के घर में किराए से रहता था किराए के मकान में रहने वाले 40 साल के केशव निर्मल कर द्वारा फांसी लगाकर 1 अगस्त की शाम 4:00 बजे आत्महत्या कर ली मृतक कपड़ा प्रेस की दुकान और गुपचुप का ठेला लगाया करता था जो अपने घर से 100 मीटर की दूरी पर ही अपने दोनों काम किया करता था कपड़ा प्रेस का काम वहां काफी समय से किराए की दुकान में कर रहा था सप्ताह भर पहले ही उसने दुकान के सामने गुपचुप का ठेला लगाना शुरू किया था मृतक को मृतक की पत्नी और पड़ोसियों के द्वारा कटंगी सरकारी अस्पताल लाया गया जानकारी लगते ही कटंगी पुलिस मौके पर पहुंची आज 2 अगस्त को मृतक का पोस्टमार्टम किया जाना है और कटंगी पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर मामले की जांच की जाएगी मृतक के पड़ोसियों की माने तो उनका कहना है कि गरीब परिवार था जैसे-तैसे अपना मेहनत मजदूरी कर परिवार चलाते थे।

### पड़ोसी दुकानदार से प्रताड़ित होकर की आत्महत्या

मृतक की पत्नी वंदना निर्मल कर का कहना है कि 4:00 बजे में दुकान में थी मेरे पति अपने घर में अकेले थे बेटी भी स्कूल गई थी जब 5:00 बजे हम घर गए तो देखा कि मेरे पति फांसी पर लटके हुए थे मृतक की पत्नी ने प्रेस को जानकारी देकर बताया कि हमारी दुकान के बाजू में झंकार जनरल स्टोर्स की दुकान है जिसे महेश भगत कटंगी वार्ड नंबर 3 का रहने वाला संचालित करता है काफी समय से उसी की दुकान के बाजू में हम कपड़ा प्रेस की दुकान चलाते है।

पिछले एक हफ्ता से धंधा कमजोर होने के चलते मेरे पति द्वारा गुपचुप का ठेला दुकान के बाहर लगना शुरू कर दिया जब से ठेला लगा शुरू हुआ तो महेश भगत द्वारा लड़ाई झगड़ा किया जाने लगा कि यहां पर दुकान मत लगाओ मैं तुम्हारी दुकान तोड़कर फेंक दूंगा 1 अगस्त को जिस स्थान पर मेरे पति दुकान लगाते थे वहां महेश भगत द्वारा अपनी फोर व्हीलर गाड़ी लाकर भी खड़ी कर दी हमारे द्वारा पुलिस को शिकायत भी की गई पुलिस मौके पर पहुंची थी समझाइए फिर भी महेश भगत मेरे पति को प्रताड़ित करते रहा मेरे पति की आत्महत्या का कारण महेश भगत है महेश भगत की प्रताड़ना के कारण मेरे पति ने आत्महत्या की खैर कंटगी पुलिस मामले की जांच कर रही है आत्महत्या का कारण क्या है।

# कोशिश करते रहो और बेहतर बनोगे-संजय अश्क..

## तिरोडी खान में काव्यगोष्ठी सम्पन्न




**जगप्रेरणा तिरोड़ी।** ***मॉयल लिमिटेड तिरोड़ी खान में राजभाषा विभाग द्वारा हिन्दी काव्य गोष्ठी का आयोजन स्थानीय प्रशासनिक भवन के सभागृह में किया गया। खान प्रबंधक श्री मनीष ढोके की अध्यक्षता एवं श्री रितेश माने की विशेष***

उपस्थिति में इस काव्य गोष्ठी का मंच संचालन दिनेश कनोजे देहाती ने किया। साथ ही आमंत्रित कवियों में सर्वप्रथम काव्य पाठ संजय तांडेकर अश्क ने किया। जहां उनकी पंक्तियां-किसी की हिम्मत किसी का डर बनोगे, कोशिश करते रहो और बेहतर बनोगे। भीड़ में तो भेड़-बकरियां रहा करती है,तुम अकेले रहो ज्यादा ताकतवर बनोगे।ने खूब वाहवाही बटोरी।उनके पश्चात श्री प्रेमनारायण साहू बरेली ने भारत का मानव ऐसा हो वह स्वस्थ रहे न निर्बल हो।हर दम उसकी रग- रग में खून भारतीय बहता हो।आऐ देश पर जब संकट सबकुछ वो समर्पण करता हो।रहे जगत में कहीं भी वह पर हिंदुस्तानी कहता हो। पर खूब तालियां बजीं।डॉ राम कुमार चतुर्वेदी सिवनी उत्कृष्ट काव्य पाठ कर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया।आज के इस दौर में मुश्किल नहीं है काम।बिक रही इंसानियत अब कौड़ियों के दाम।और सदे हुए व्यंग्य पर श्रोताओं ने अपार प्रेम तालियों के माध्यम से दिया।

अगले क्रम में दिनेश कनोजे देहाती ने अपने चिर-परिचित अंदाज में श्रोताओं को खूब गुद्गुदाया। उनकी पंक्तियां तुम मंजिल अपनी पाने का इरादा करो,लक्ष्य जरा कठिन है मेहनत ज्यादा करो। यूं तो लोहा भी सोना होता है पारस स्पर्श से,तुम कोहीनूर बन के दिखाओगे यह वादा करो।पर पुरे बदन ने वाहवाही की।

अंत में सभी सहभागी कवियों को शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। दिनेश कनोजे देहाती को उनके उल्लेखनीय साहित्यिक योगदान के लिए ÷आजीवन उपलब्धि सम्मान÷ से खान प्रबंधक एवं सभी उपस्थित अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया।

प्रारंभिक संचालन श्री प्रदीप उके ने किया। प्रस्तावित भाषण श्री रितेश माने एवं अध्यक्षीय उद्बोधन में श्री मनीष ढोके ने कहा ÷ हिंदी भाषा एवं साहित्य ने सभी देशवासियों को एक सूत्र में बांध रखा है मॉयल द्वारा भाषा उत्थान हेतु जो भी आवश्यक होगा हम लोग प्रथम प्राथमिकता के आधार पर करने के लिए कटिबद्ध है।÷ इस अवसर पर श्री आनंद बागड़े, श्री उदित बोथरा, श्री मानके, श्री मनोज पाण्डेय, श्री विलाश सोनटक्के के साथ प्रचुर मात्रा में कर्मचारी उपस्थित थे।

# 11,575 फीट की ऊंचाई पर स्थित 'कैप्टन बाबा' मंदिर: जहां हर भारतीय जवान श्रद्धा से करता है सैल्यूट









**हितेश अजीत, जगप्रेरणा बालाघाट।** ***श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर समुद्र तल से लगभग 11,575 फीट की ऊंचाई पर स्थित जोजिला दर्रे में बना 'कैप्टन बाबा मंदिर' भारतीय सेना के जवानों की अटूट आस्था का केंद्र है।***

बर्फ से ढकी ऊंची पर्वत श्रृंखलाओं और भारत के सबसे चुनौतीपूर्ण सड़क मार्गों में से एक के बीच स्थित यह मंदिर सैनिकों के लिए केवल पूजा का स्थान नहीं, बल्कि विश्वास, साहस और कर्तव्य का प्रतीक भी है।

इस मंदिर में प्रतिदिन भारतीय सेना के जवान पूजा-अर्चना करते हैं तथा यहां आने वाले श्रद्धालुओं और यात्रियों को प्रसाद वितरित करते हैं। इस स्थान से गुजरने वाले अधिकांश सैनिक श्रद्धापूर्वक सलामी सैल्यूट देकर आगे बढ़ते हैं। मान्यता है कि कैप्टन बाबा इस दुर्गम मार्ग पर तैनात जवानों और यात्रियों की रक्षा करते हैं। यही कारण है कि खराब मौसम, बर्फबारी और कठिन परिस्थितियों में भी सैनिक इस स्थान पर शीश नवाना नहीं भूलते। मंदिर परिसर में स्थापित स्मारक भारतीय सेना के वीर जवानों के शौर्य और बलिदान की याद दिलाता है। यहां 115 (टीए) महार और अन्य सैन्य इकाइयों द्वारा समय-समय पर इस आस्था स्थल का संरक्षण किया गया है। मंदिर में रखा दानपात्र और प्रतिदिन होने वाली पूजा इस स्थान की जीवंत परंपरा को दर्शाती है।

## वीरता का ऐतिहासिक साक्षी है जोजिला..

जोजिला दर्रा केवल आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि भारतीय सेना के शौर्य का भी प्रतीक है। 1947-48 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में पाकिस्तान समर्थित कबायली और पाकिस्तानी सैनिकों ने इस महत्वपूर्ण दर्रे पर कब्जा करने का प्रयास किया था, ताकि लद्दाख का संपर्क भारत से काटा जा सके। लेकिन भारतीय सेना ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए ऑपरेशन बाइसन के तहत दुश्मन को करारी शिकस्त दी। इतिहास में पहली बार इतनी अधिक ऊंचाई पर टैंकों का इस्तेमाल कर भारतीय सेना ने जोजिला दर्रे को दुश्मन के कब्जे से मुक्त कराया और पाकिस्तान के मंसूबों पर पानी फेर दिया।आज भी जब कोई यात्री इस मंदिर के सामने खड़ा होकर चारों ओर नजर डालता है, तो हजारों फीट गहरी घाटियां, बर्फसे ढकी चोटियां और खतरनाक पहाड़ी सड़कें यह एहसास कराती हैं कि भारतीय सैनिक किन कठिन परिस्थितियों में देश की सीमाओं की रक्षा करते हैं। ऐसे दुर्गम क्षेत्र में उनकी सेवा, साहस और समर्पण हर भारतीय के लिए गर्व का विषय है। कैप्टन बाबा मंदिर आज केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि भारतीय सेना की वीरता, बलिदान, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का जीवंत प्रतीक है। यहां पहुंचने वाला हर श्रद्धालु और पर्यटक श्रद्धा से सिर झुकाकर भारतीय सेना के अमर शहीदों और देश की रक्षा में तैनात वीर जवानों को नमन करता है।

# बिरसा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कनिया में किया पौधा रोपण..







**जगप्रेरणा बिरसा।** ***मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला बालाघाट विकासखंड बिरसा सेक्टर क्रमांक 05 प्रदेश जन अभियान परिषद हमारे बालाघाट जिले के जिला समन्वयक श्री महेश पटले जी एवं ब्लॉक समन्वयक श्रीमति स्वर्ण लता चोपड़ा मेम जी के मार्गदर्शन***

में जन अभियान परिषद के अंतर्गत स्वैच्छिकता पर्व एक पेड़ मां के नाम चलाया जा रहा है।

जिसमें आज मुख्य अतिथि के रूप में जनपद चायत बिरसा के उपाध्यक्ष महोदय श्री हेमंत कुमार साहू जी उपस्थित रहे साथ ही नव अंकुर संस्था कनिया युवा नशा मुक्ति समिति कनिया के अध्यक्ष श्री खिलेंद्र यादव सचिव श्री मति रीमा यादव संरक्षक श्री सुखचंद यादव जी एवं प्रस्फुटन समिति ग्राम कनिया समिति के अध्यक्ष श्री सोनकुमार सचिव ज एवं ग्रामीण जन उपस्थित होकर शासकीय एकीकृत हाई स्कूल कनिया शाला भवन के प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया जिसमें एक पेड़ गुलमोहर का लगाया और दूसरा अशोक का पौधे वृक्षारोपण के समय स्कूल के शिक्षक और बच्चे भी उपस्थित थे बच्चों को यह भी समझ कर बताया गया कि पेड़ लगाने से हमें शुद्ध वायु और वातावरण हमारे शरीर में लाभदायक मिलने वाला ऑक्सीजन भी पौधों से ही मिलता है वृक्ष से हमें छांव मिलता है और फल भी मिलता है हमें अपने धरती मां के प्रति जितनी ज्यादा वर्षों से हम हरा भरा करेंगे पेड़ लगाकर हमारे आसपास के वातावरण शुद्ध और स्वच्छ बना रहेगा हमारा शरीर निरोगी काया होगा इसी के साथ नवांकुर और प्रस्फुटन समिति मिलकर ग्राम कनिया के आंगनबाड़ी में 01 पौधा लगाया जिसमें 1 आम 1 गुलमोह अशोक 04 दिनांक 31 जुलाई दिन शुक्रवार श्रीमति स्वर्ण चोपड़ा जी के मार्गदर्शन में जन अभियान परिषद के अंतर्गत स्वैच्छिकता पर्व एक पेड़ मां के नाम चलाया जा रहा है जिसमें नव अंकुर एवं है प्रस्फुटन समिति वृक्षारोपण किया गया जिसमें पेड़ लगाने से हमें शुद्ध वायु और वातावरण हमारे शरीर में लाभदायक मिलने वाला ऑक्सीजन भी पौधों से ही मिलता है

वृक्ष से हमें छांव मिलता है और फल भी मिलता है हमें अपने धरती मां के प्रति जितनी ज्यादा वर्षों से हम हरा भरा करेंगे पेड़ लगाकर हमारे आसपास के वातावरण शुद्ध और स्वच्छ बना रहेगा द्य सभी के समक्ष वृक्षारोपण किया गया ग्राम के सभी ग्रामीणजन यह भी शपथ लिया कि हमेशा हम लोग वृक्षों का देखभाल एवं उनकी परवरिश करेंगे बहुत ही विस्तार पूर्वक समझा और सहयोग भी दिया।

# मंगल चातुर्मास कलश स्थापना के पावन अवसर पर आयोजित दिव्य कार्यक्रम मे सम्मिलीत होने का पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल को प्राप्त हुआ सौभाग्य..

## श्रावको द्वारा धर्म प्रभावना और संयम की व्रद्वि के लिये मंगल कलश की स्थापना की जाती है।







**जगप्रेरणा वारासिवनी।** जैन सन्त निरंतर धर्म का प्रचार करते हुये बहती नदिया की भाँति विहार करते रहते हैं। लेकिन वर्षा ऋतु में वातावरण में चारों ओर अत्यंत सूक्ष्म जीव बड़ी संख्या में उत्पन्न हो जाते हैं। इन सूक्ष्म जीवों की रक्षा के लिये जैन सन्त चार माह एक स्थान पर रुक कर वर्षा योग द्वारा धर्म ध्यान पूर्वक साधना करते हैं ।

ऐसा ही पुण्य अवसर वारासिवनी जैन समाज को प्राप्त हुआ। जब सन्त शिरोमणि आचार्य भगवन 108 श्री विद्या सागर जी से दीक्षित एवम आचार्य भगवन 108 श्री समय सागर जी के आज्ञानुवर्ती परम् प्रभावक शिष्या आर्यिका 105 श्री सिद्धांतमती माताजी , आर्यिका 105 श्री पुनीतमति माताजी एवम आर्यिका 105 श्री विनय मति माताजी जी की पावन वर्षा योग 2026 के लिए मंगल कलश स्थापना वारासिवनी नगरी के ऐतिहासिक जिनालय में की गयी । इस अवसर पर प्रमुख रूप से संघस्थ बाल ब्रम्हचारिणी दीदीजी एवम बाहर से पधारे ब्रम्हचारी भैया जी के सान्निध्य में कलश स्थापना सकल जैन समाज के द्वारा अत्यंत उत्साह पूर्वक संपन्न हुई। कार्यक्रम की शुरूवात ब्रम्हचारिणी दीदी जी के मंगल गीत से हुई। तत्पश्चात यशिता और अक्षिता के मंगलाचरण नृत्य प्रस्तुत किया। इसके पश्चात सखी मण्डल की बहुओं द्वारा अत्यंत मनमोहक प्रस्तुति दी गयी। इस अवसर पर आर्यिका माता जी संघ के गृहस्थ अवस्था के परिजनों का सत्कार एवम अभिवादन किया गया। बाहर से पधारे समस्त सामाजिकजनो द्वारा आर्यिका माँ के चरणों में श्रीफल अर्पित किये गये।

तत्पश्चात आचार्य भगवन विद्यासागर जी एवम आचार्य भगवन समय सागर जी महाराज की पूजन आकर्षक अष्ट द्रव्य के द्वारा की गयी । जल चन्दन अक्षत आदि प्रत्येक द्रव्य के साथ श्रद्धालु जन मनमोहक प्रस्तुति देते हुए भावपूर्वक अष्ट द्रव्य समर्पित कर रहे थे ।

मंगल चातुर्मास कलश स्थापना 2026 के पावन अवसर पर नगर के दिगम्बर जैन मंदिर मे आयोजित दिव्य कार्यक्रम मे सम्मिलीत होने का पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल को सौभाग्य प्राप्त हुआ।इस अवसर पर गुडडा भैया ने सामाजिक बंधूओ की उपस्थिती मे आर्यिका मां 105 सिंद्वात मति माताजी, आर्यिका मां 105 पुनीत मति माताजी, आर्यिका मां 105 विनय मति माताजी संसंघ को नमन कर आर्शीवाद प्राप्त किया।इस अवसर पर गुडडा भैया ने कहा की मंगल चातुर्मास कलश स्थापना का अर्थ है की श्रावको द्वारा धर्म प्रभावना और संयम की व्रद्वि के लिये मंगल कलश की स्थापना की जाती है। इस दौरान प्रवचन,सामायिक दशलक्षण महापर्व और क्षमावाणी जैसे धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होते है।

चातुर्मास हेतु तीन प्रमुख कलश स्थापना का सौभाग्य बोलियों द्वारा की गयी। प्रथम दानशिरोमणि ऋषभ अजीत परिवार 5 कलश 5 श्रीफल, द्वितीय दान श्रेष्टि संजय उत्कर्ष उमंग कासल परिवार 4 कलश 51 श्रीफल , तृतीय भामाशाह वीरेंद्र जी दीपक जी विवेक जी जैन डेयरी परिवार 3कलश 51 श्रीफल एवम अन्य दानदाताओं में मॉडल परिवार को भी सौभाग्य प्राप्त हुआ।

बोलियों के पश्चात मांगलिक प्रवचनों में आर्यिका माताजी ने चातुर्मास के प्रयोजन एवम चातुर्मास की विशेषताओं को बताकर श्रावक श्राविकाओं को चातुर्मास में पुण्यार्जन करने की प्रेरणा दी। इस चातुर्मास द्वारा होने वाले अनेको मांगलिक कार्यक्रमो द्वारा निरन्तर धर्म लाभ मिलेगा। आज के इस कार्यक्रम में विशेष रूप से पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल , विधायक विवेक पटेल , पूर्व विधायक डॉ योगेन्द्र निर्मल , विवेक एडे उपस्थित रहे।

कलश स्थापना महोत्सव में वारासिवनी बालाघाट लालबर्रा , केवलारी , धनोरा, पिंडरई , मण्डला जबेरा जबलपुर आदि अन्य अनेको निकटवर्ती नगरों से पधारे जैन समाज के सैकड़ो श्रावक श्राविका उत्साह पूर्वक शामिल हुये। समाज के अध्यक्ष आकाश सिंघई ने आर्यिका संघ के चातुर्मास हेतु मंगल कलश स्थापना कार्यक्रम भव्य रूप में आयोजित करने में सहयोग देने के लिये सकल समाज का अभिवादन किया। समाज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष दीपक जैन ने सभी गणमान्य जन प्रतिनिधियों एवम बाहर से पधारे समस्त अतिथियों को आभार प्रदर्शित करते हुए सभी को आतिथ्य भोज के लिये निवेदन किया।समाज के सचिव अंचल जैन ने बताया कि आज के पावन एवं ऐतिहासिक अवसर पर अनेको नगरों से जैन समाज के सभी श्रद्धालुजनों ने सपरिवार अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हुये एवम धर्म लाभ प्राप्त किया। आज के इस पुण्य अवसर पर कार्यक्रम का संचालन बाहर से पधारे ब्रम्हचारी अंकित भैया सुयश एवम नगर के प्रतिभाशाली वक्ता अभिषेक शानू सिंघई द्वारा किया गया। एवम सुमधुर संगीत के माध्यम से करने वाले नमन जी सन्दीप जी सहयोग दिया ।विनीत जैन द्वारा इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु अथक परिश्रम करने वाले सभी कमेटी सदस्यों, महिला मंडल , सखी मण्डल, नवयुवक मंडल, बालिका मण्डल एवम अन्य सभी सामाजिक बन्धुओ का पँचायत कमेटी की ओर से हार्दिक आभार व्यक्त किया।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



# जग प्रेरणा live देश विदेश

भारत, पाकिस्तान, नेपाल, भूटान, अमेरिका, ब्रिटेन, ईरान, चीन, जापान आदि की खबरें..

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

## 33/11 केवी उपकेंद्र तिरोड़ी में 11 केवी टेकाड़ी वीसीबी का सफल प्रतिस्थापन..



जगप्रेरणा तिरोड़ी।

***मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के अंतर्गत 33/11 केवी उपकेंद्र तिरोड़ी में 11 केवी टेकाड़ी फीडर की वीसीबी विगत 4क्क्5 दिनों से तकनीकी रूप से खराब होने के कारण विद्युत आपूर्ति प्रभावित हो रही थी। उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत***

आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नई 11 केवी वीसीबी स्थापित करने का कार्य आज 31 जुलाई 2026 को किया गया।

उल्लेखनीय है कि लगातार वर्षा के बावजूद विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समन्वित प्रयासों से यह कार्य 31 जुलाई 2026 को ही सफ्लतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया। नई वीसीबी के चालू होने से टेकाड़ी फीडर की विद्युत आपूर्ति अधिक सुरक्षित, विश्वसनीय एवं सुचारु हो गई है।

यह कार्य अधीक्षण अभियंता सं/सं वृत कार्यालय बालाघाट, कार्यपालन अभियंता (एसटीएम) बालाघाट, कार्यपालन अभियंता, सं/सं संभाग वारासिवनी, सहायक अभियंता, सं/सं उप संभाग कटंगी तथा कनिष्ठ अभियंता, सं/सं केंद्र तिरोड़ी के मार्गदर्शन एवं निगरानी में सफ्लतापूर्वक संपन्न किया गया।

## महानदी जल विवाद पर दिल्ली में हुई त्रिपक्षीय बैठक को लेकर बीजद और भाजपा में वाकयुद्ध



भुवनेश्वर, (भाषा)।

***ओडिशा और छत्तीसगढ़ के बीच महानदी जल विवाद को लेकर शनिवार को सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और विपक्षी बीजू जनता दल (बीजद) के बीच तीखी बयानबाजी हुई।***

यह विवाद मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी के दावा किये जाने के बाद शुरू हुआ कि तीन महीने के भीतर इस मुद्दे का समाधान हो जाएगा।

माझी ने यह दावा 30 जुलाई को नयी दिल्ली में महानदी जल विवाद को लेकर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल की अध्यक्षता में हुई त्रिपक्षीय बैठक में शामिल होने के बाद किया था। इस बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भी शामिल हुए थे।

नवीन पटनायक के नेतृत्व वाली बीजद ने 'ट्रिपल इंजन सरकार' (ओडिशा, छत्तीसगढ़ और केंद्र में भाजपा सरकार) पर विवाद का समाधान करने में विफ्ल रहने का आरोप लगाया।

बीजद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्रा ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया, ÷तीन सरकारें होने के बावजूद राज्य की भाजपा सरकार महानदी जल विवाद का समाधान करने में विफ्ल रही है। ओडिशा की भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ सरकार के सामने पूरी तरह आत्मसमर्पण कर दिया है।÷

वहीं, भाजपा की ओडिशा इकाई के महासचिव बिरंची नारायण त्रिपाठी ने एक अलग संवाददाता सम्मेलन में राज्य की पिछली बीजद सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए आरोप लगाया कि उसी के कारण महानदी जल विवाद पैदा हुआ। त्रिपाठी ने कहा, ÷महानदी के ऊपरी हिस्से में छत्तीसगढ़ सरकार ने तत्कालीन बीजद सरकार की अक्षमता के कारण सभी बैराज बनाए। अब जब मुख्यमंत्री माझी इस मुद्दे को सुलझाने का प्रयास कर रहे हैं, तो क्षेत्रीय दल राजनीतिक लाभ लेने के लिए शोर मचा रहा है।÷ भाजपा नेता ने कहा, ÷2016-17 में जब छत्तीसगढ़ महानदी के ऊपरी हिस्से में बैराज बना रहा था, तब तत्कालीन बीजद सरकार के जल संसाधन सचिव ने कहा था कि इससे ओडिशा पर कोई असर नहीं पड़ेगा। बीजद के नरम रुख का फ्रयदा उठाकर छत्तीसगढ़ ने ऐसे ढांचे बना दिए, जो अब ओडिशा में पानी के निर्बाध प्रवाह में बाधा बन रहे हैं। इसके लिए जिम्मेदार कौन है?÷

बीजद उपाध्यक्ष मिश्रा ने मुख्यमंत्री माझी से अपने उस दावे का आधार बताने को कहा कि तीन महीने में विवाद सुलझ जाएगा। उन्होंने कहा, ÷राज्य सरकार को तुरंत बैठक में हुई चर्चा को सार्वजनिक करना चाहिए। भाजपा सरकार लोगों को गुमराह कर रही है, क्योंकि छत्तीसगढ़ सरकार ओडिशा की चिंताओं पर कोई ध्यान नहीं दे रही है।÷

मिश्रा ने कहा, ÷ओडिशा के हितों से समझौता करके भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। चूंकि मुख्यमंत्री माझी स्वयं बैठक में शामिल हुए थे, इसलिए उनकी नैतिक जिम्मेदारी है कि वे नयी दिल्ली में हुई चर्चा और उसके नतीजों के बारे में जनता को जानकारी दें। लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया।÷

बीजद विधायक एवं पूर्व मंत्री अरुण कुमार साहू एवं पार्टी के वरिष्ठ महासचिव भृगु बक्सीपात्र ने भी महानदी जल विवाद का समाधान करने में भाजपा सरकार की ''विफ्लता'' की आलोचना की। उन्होंने दावा किया कि ओडिशा में आई विनाशकारी बाढ़ की स्थिति पूरी तरह मानव निर्मित है।

बीजद ने एक बयान में आरोप लगाया कि महानदी के जल प्रबंधन को लेकर छत्तीसगढ़ ओडिशा के साथ सहयोग नहीं कर रहा है। पार्टी ने कहा कि बार-बार आग्रह के बावजूद छत्तीसगढ़ ने सरडीही बैराज के पास नया गेज (जल माप केंद्र) स्थापित करने से इनकार कर दिया है और वह ओडिशा सरकार की चिंताओं को लगातार नजरअंदाज कर रहा है।

बीजद ने आरोप लगाया, ''छत्तीसगढ़ की मनमानी कार्रवाइयों के कारण हीराकुंड जलाशय की सुरक्षा के लिए बनाए गए रूल कर्व नीति को प्रभावी ढंग से लागू नहीं हो पा रहा है।''

'रूल कर्व नीति' जलाशय प्रबंधन से जुड़ी एक तकनीकी नीति है, जिसके तहत किसी बांध या जलाशय में साल के अलग-अलग समय पर कितना पानी जमा रखा जाना चाहिए और कितना छोड़ा जाना चाहिए, इसका एक निर्धारित मानक तय किया जाता है।

## हिमाचल में सात अगस्त तक भारी बारिश के लिये 'येलो अलर्ट', 100 से अधिक सड़कें बंद



शिमला, (भाषा)।

***मौसम विभाग ने हिमाचल प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में सात अगस्त तक भारी बारिश के लिए 'येलो अलर्ट' जारी किया है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (एसईओसी) के अनुसार, बारिश के कारण हुए भूस्खलन और अचानक***

आई बाढ़ से शनिवार शाम तक राज्य में 102 सड़कें यातायात के लिए बंद रहीं। इसके अलावा 28 पेयजल योजनाएं और 11 बिजली ट्रांसफ्रर्मर भी प्रभावित हुए।

सबसे अधिक 43 सड़कें मंडी जिले में बंद हैं। इसके बाद कुल्लू में 33, शिमला में 11, चंबा और कांगड़ा में पांच-पांच, सिरमौर में चार तथा ऊना में एक सड़क बंद है। राज्य के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। पिछले 24 घंटों में पंडोह में सर्वाधिक 45 मिमी बारिश दर्ज की गई। इसके अलावा शिमला में 36.3 मिमी, सराहन में 35.3 मिमी, स्लैपर में 31.6 मिमी, जोत में 30.8 मिमी, धर्मशाला में 26.3 मिमी और कुफ्री में 25.5 मिमी वर्षा हुई।

सुंदरनगर और मुरारी देवी में गरज के साथ बिजली चमकी। चंबा के भरमौर में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि ऊना में अधिकतम तापमान 32.6 डिग्री सेल्सियस रहा।

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, एक से 31 जुलाई के बीच राज्य में औसतन 255.9 मिमी के मुकाबले 275.6 मिमी वर्षा हुई, जो सामान्य से आठ प्रतिशत अधिक है।

विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, अगस्त में चंबा और लाहौल के कुछ हिस्सों में सामान्य से अधिक, जबकि राज्य के शेष क्षेत्रों में सामान्य से कम वर्षा होने की संभावना है।

## अन्याय कभी स्थायी नहीं हो सकता : 19 साल बाद कोलकाता वापसी पर बोलीं तसलीमा नसरीन



कोलकाता, (भाषा)।

***निर्वासित बांग्लादेशी लेखिका तसलीमा नसरीन ने शनिवार को कहा कि लगभग दो दशक बाद कोलकाता लौटना इस बात का सबूत है कि 'अन्याय लंबा तो हो सकता है, लेकिन स्थायी नहीं'। उन्होंने कहा कि उनकी लड़ाई हमेशा महिलाओं***

के अधिकारों और अभिव्यक्ति की आजादी के लिए रही है, न कि किसी राजनीतिक पार्टी के पक्ष या विरोध में। शहर में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में भावुक तसलीमा ने घर वापसी को उस शहर से लंबे समय के निजी निर्वासन का अंत बताया, जिसे वह अपना घर मानती हैं।

तसलीमा (63) ने कहा, ÷कोलकाता वापस आकर मुझे ऐसा लग रहा है जैसे मैं जिंदगी के उस हिस्से में लौट आई हूं जिसे मैं यहीं छोड़ गई थी।÷

लेखिका को 2007 में शहर छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा था। इससे पहले 1994 में, अपनी लेखनी और धर्म पर अपने विचारों की वजह से कट्टरपंथी समूहों से मिली जान से मारने की धमकियों के कारण उन्हें बांग्लादेश छोड़ना पड़ा था। निर्वासन में बिताए अपने लंबे समय को याद करते हुए लेखिका ने कहा कि उन्हें ऐसे भविष्य की उम्मीद है जहां किसी भी लेखक को अपनी बात कहने के लिए अपना देश छोड़ने पर मजबूर न होना पड़े।

उन्होंने कहा, ÷मेरी वापसी यह साबित करती है कि अन्याय लंबा तो हो सकता है, लेकिन स्थायी नहीं हो सकता। मैं उस दिन का सपना देखती हूं जब किसी भी लेखक को कभी अपने देश से निर्वासित न होना पड़े।÷

इस्लामी कट्टरपंथियों की धमकियों के कारण बांग्लादेश छोड़ने पर मजबूर होने के बाद यूरोप में रहने वाली तसलीमा ने कहा कि वह किसी राजनीतिक एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हो रही हैं। उन्होंने कहा,÷मैं यहां किसी राजनीतिक पार्टी की तरफसे या किसी पार्टी के खिलाफ बोलने के लिए नहीं आई हूं। मैं यहां महिलाओं के अधिकारों के लिए बोलने आई हूं।÷

धार्मिक कट्टरपंथ के प्रति अपने पुराने विरोध को दोहराते हुए तसलीमा ने कहा, ÷मैं हर तरह के कट्टरपंथ के खिलाफहूं, लेकिन मैंने इस्लामी कट्टरपंथियों के खिलाफआवाज उठाई है क्योंकि मैंने इसे बचपन से ही बहुत करीब से देखा है।÷

बांग्लादेश के हालात पर चिंता जाहिर करते हुए लेखिका ने आरोप लगाया कि वहां धार्मिक कट्टरपंथ बढ़ रहा है और अभिव्यक्ति की आजादी पर लगातार खतरा मंडरा रहा है।

लेखिका ने कहा, ÷बांग्लादेश में कट्टरपंथ का बढ़ना चिंताजनक स्तर पर है। अभिव्यक्ति की आजादी को सीमित किया जा रहा है।÷

उन्होंने कहा कि उन्हें ऐसे भविष्य की उम्मीद है जहां बांग्लादेश में महिलाएं और धार्मिक अल्पसंख्यक सुरक्षित और सम्मान के साथ रह सकें। कोलकाता से दूर रहने के लिए मजबूर किए जाने के दर्द को याद करते हुए तसलीमा ने कहा कि वह उन हालात को कभी नहीं भूलीं, जिनके कारण उन्हें 2007 में शहर छोड़ना पड़ा था। उन्होंने कहा, ÷आज इस दरवाजे का खुलना यह साबित करता है कि अन्याय लंबा तो हो सकता है, लेकिन स्थायी नहीं हो सकता। इतिहास याद रखता है कि किसने दरवाज़े बंद किए और किसने उन्हें खोला।÷ बांग्लादेश से निर्वासित लेखिका 2004 से 2007 के बीच कोलकाता में रही थीं। उस समय की वाम मोर्चा सरकार ने उन्हें शहर छोड़ने के लिए कहा था, क्योंकि उनकी आत्मकथा 'द्विखंडितो' के कुछ हिस्सों को लेकर हिंसक विरोध-प्रदर्शन हुए थे।

भावुक होते हुए तसलीमा ने कहा कि वह वाक्य कहने में उन्हें लगभग दो दशक लग गए, जिसे कहने की वह लंबे समय से चाहत रखती थीं। उन्होंने कहा, ÷ये शब्द कहने में मुझे 19 साल लग गए: 'मैं कोलकाता लौट आई हूं।' मैंने हर दिन एक पता खोने का दर्द महसूस किया।÷ अगस्त को अपनी ज़िंदगी का सबसे अहम महीना बताते हुए तसलीमा ने कहा कि अब यह महीना न सिर्फ उनके जन्म और देश-निकाले का, बल्कि उनकी वापसी का भी प्रतीक बन गया है।

उन्होंने कहा, ÷आठ अगस्त 1994 को तत्कालीन सरकार ने मुझे बांग्लादेश छोड़ने पर मजबूर कर दिया था। बस सात दिनों में मेरे देश-निकाले के 32 साल पूरे हो जाएंगे। सरकार ने भले ही मुझे मेरे देश से दूर कर दिया हो, लेकिन वह मेरे अंदर से मेरे देश को कभी नहीं निकाल पाई।÷

बांग्लादेश या पश्चिम बंगाल कहीं भी स्थायी घर नहीं मिल सकने पर अफ्सोस जताते हुए उन्होंने कहा, ÷यूरोप ने मुझे नागरिकता और रहने की जगह दी है, लेकिन खेद की बात है कि दोनों बंगाल में मुझे रहने के लिए एक छोटी सी जगह भी नहीं मिल पाई।÷

लेखिका का कहना था कि उन्हें कभी किसी अदालत ने दोषी नहीं ठहराया, फ्रि भी अपने विचार व्यक्त करने के लिए उन्हें भारी कीमत चुकानी पड़ी। उन्होंने कहा, ÷किसी भी अदालत ने मुझे कभी सजा नहीं दी, लेकिन कट्टरपंथियों की वजह से मुझे इसकी कीमत चुकानी पड़ी।÷

उन्होंने धर्म के नाम पर महिलाओं के साथ होने वाले भेदभावपूर्ण व्यवहार की भी आलोचना की। उन्होंने कहा, ÷जो लोग अपनी बेटियों की आज़ादी को तो अपना अधिकार मानते हैं, लेकिन मुस्लिम बेटियों के लिए मध्ययुगीन रीति-रिवाजों को सही ठहराते हैं, वे मुस्लिम समुदाय के दोस्त नहीं हैं।÷

दक्षिण एशिया में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का समर्थन करते हुए तसलीमा ने तर्क दिया कि धर्म पर आधारित पर्सनल लॉ महिलाओं के साथ भेदभाव करते हैं और लैंगिक न्याय तथा आधुनिक लोकतंत्र के लिए समानता पर आधारित एक समान नागरिक संहिता जरूरी है।

उन्होंने कहा, ÷असली टकराव धर्मनिरपेक्षता और कट्टरपंथ के बीच, तर्कसंगत सोच और अतार्किकता के बीच, नयी सोच और परंपरा के बीच, और आज़ादी को महत्व देने वाले और उसे महत्व न देने वाले लोगों के बीच है।÷

## बिहार की पूर्व मंत्री और उनके पति को शस्त्र अधिनियम मामले में सात साल जेल की सजा..



बेगूसराय (बिहार), (भाषा)।

***बिहार के बेगूसराय जिले की एक अदालत ने आठ साल पुराने शस्त्र अधिनियम मामले में राज्य की पूर्व मंत्री मंजू वर्मा और उनके पति चंद्रशेखर को शनिवार को सात वर्ष के कठोर***

कारावास की सजा सुनाई। दंपति के बेटे अभिषेक आनंद चेरिया बरियारपुर सीट से जनता दल (यूनाइटेड) की विधायक हैं। पहले मंजू वर्मा इस सीट से विधायक थीं। सांसद/विधायक अदालत के विशेष न्यायाधीश ब्रजेश कुमार सिंह ने दंपति को सजा सुनाई।

अपर लोक अभियोजक राम प्रकाश यादव ने बताया कि मुजफ्फ्रपुर बालिका गृह कांड में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की जांच के घेरे में आए वर्मा और उनके पति को अदालत के आदेश के अनुसार जेल भेज दिया गया। मंजू वर्मा को तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की करीबी माना जाता था। इस मामले के मुख्य आरोपी ब्रजेश ठाकुर से चंद्रशेखर के करीबी संबंध होने के आरोप लगने के बाद वर्मा को समाज कल्याण मंत्री के पद से इस्तीफ्र देना पड़ा था।

जांच के दौरान सीबीआई की एक टीम ने बेगूसराय के एक गांव में स्थित दंपति के घर पर छापेमारी की थी और बड़ी मात्रा में हथियार व गोला-बारूद बरामद किए गए थे, जिसके बाद उनके खिलाफशस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था।

यादव के अनुसार, सुनवाई के दौरान सात गवाहों के बयान दर्ज किए गए, जिनमें सीबीआई के धनबाद के तत्कालीन पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) भी शामिल थे।




## ब्रज मंडल जलाभिषेक यात्रा से पहले नूंह पुलिस ने किया फ्लैग मार्च..



गुरुग्राम, (भाषा)।

नूंह पुलिस ने सोमवार को प्रस्तावित ब्रज मंडल जलाभिषेक यात्रा के मद्देनजर शनिवार को तावडू उपमंडल में फ्लैग मार्च किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यात्रा को लेकर नूंह पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसके अलावा पिंगवां, पुन्हाना, फ्रिोजपुर झिरका और नूंह में भी फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) लोहान ने कहा, ÷फ्लैग मार्च का उद्देश्य सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना, यात्रा को लेकर लोगों में जागरूकता फैलाना और कानून-व्यवस्था बनाए रखना है।÷ वर्ष 2023 में इस यात्रा के दौरान नूंह जिले में दो गुटों के बीच झड़प हो गई थी। इस हिंसा में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई थी, जबकि पुलिसकर्मियों समेत 15 अन्य लोग घायल हुए थे। डीएसपी ने कहा, ÷जिला प्रशासन ने यात्रा मार्ग को लेकर विशेष परामर्श जारी किया है। खासकर बाहरी क्षेत्रों से आने वाले वाहनों के लिए मार्ग संबंधी विशेष निर्देश जारी किए गए हैं और कुछ इलाकों में अतिरिक्त दिशा-निर्देश भी लागू किए गए हैं।÷







जग प्रेरणा

# खेल मनोरंजन

खेल जगत एवं बॉलीवुड व हॉलीवुड की खबरें..



# अस्पताल के बिस्तर से स्वर्णिम जीत तक, जैसमीन ने बिखेरी चमक..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली विश्व चैंपियन जैसमीन लंबोरिया के लिए यह सफलता आसान नहीं थी क्योंकि ग्लास्गो में रिंग में उतरने से कुछ सप्ताह पहले तक वह गंभीर बीमारी के कारण अस्पताल में भर्ती थीं और उनके खेलों में भाग लेने पर भी संशय बना हुआ था।*



भिवानी की 24 वर्षीय मुक्केबाज ने शनिवार को शानदार वापसी करते हुए उत्तरी आयरलैंड की गत चैंपियन माइकेला वॉल्श को हराकर महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग का स्वर्ण पदक जीत लिया। उन्होंने इसके साथ ही चार वर्ष पहले बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में जीते कांस्य पदक के प्रदर्शन को स्वर्ण में बदल दिया। जैसमीन रिंग में उतरने के बाद दर्शकों को एक मजबूत दावेदार के रूप में नजर आईं, लेकिन इसके पीछे बीते कुछ महीनों का कठिन संघर्ष छिपा था। उनकी मुश्किलें मार्च में एशियाई चैंपियनशिप के दौरान शुरू हुईं, जब तेज बुखार के बावजूद उन्होंने प्रतियोगिता से हटने से इनकार कर दिया। लगातार तीन कठिन मुकाबले जीतकर वह फाइनल में पहुंचीं, जहां रजत पदक जीतने के साथ राष्ट्रमंडल खेलों के लिए सीधे क्वालीफाई किया। जैसमीन ने 'पीटीआई' कहा, 'पहला मुकाबला खेलने के बाद ही मुझे तेज बुखार हो गया था। मेरी हालत काफी खराब थी। किसी तरह मैं सेमीफाइनल तक पहुंची, जहां मैंने बेहद कठिन मुकाबले में 3-2 से जीत दर्ज की। वे तीनों मुकाबले मेरे लिए बेहद कठिन रहे, लेकिन मैंने अपना सब कुछ झोंक दिया था।' एशियाई चैंपियनशिप के फाइनल में उनके सिर पर जोरदार चोट लगी, जिससे उन्हें 'कनकशन' (अचेत होने जैसी स्थिति) हो गया। डॉक्टरों ने उनका तत्काल स्कैन किया लेकिन राहत की बात यह रही कि सभी रिपोर्ट सामान्य आईं। भारत लौटने के बाद फिर से बीमार पड़ने से उनकी परेशानियां खत्म नहीं हुईं। उन्होंने कहा, 'मैंने भारत लौटने के बाद लगभग 20 दिन अभ्यास किया, लेकिन फिर तेज बुखार की चपेट में आ गई। हालत इतनी बिगड़ गई कि मुझे अस्पताल में भर्ती होना पड़ा और लंबे समय तक दवाइयां लेनी पड़ीं।' जैसमीन ने कहा, 'मुझे नहीं पता यह कैसी बीमारी थी। बस यही उम्मीद है कि सब कुछ ठीक हो और मैं पूरी तरह स्वस्थ हो जाऊं।'

बीमारी के कारण वह जून में चेक गणराज्य में आयोजित भारत के एक्सपोजर कैंप (विदेश में आयोजित अभ्यास शिविर) में हिस्सा नहीं ले सकीं, जिससे राष्ट्रमंडल खेलों की तैयारियां बुरी तरह प्रभावित हुईं। 57 किग्रा वर्ग एशियाई खेलों के कार्यक्रम में शामिल नहीं है, इसलिए यही प्रतियोगिता उनके लिए वर्ष की सबसे बड़ी चुनौती थी।

लंबे समय तक खेल से दूर रहने का असर उनके मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ा। उन्होंने कहा, 'मेरे मन में काफी नकारात्मक विचार आने लगे थे। मैंने खेल मनोवैज्ञानिक के साथ काम किया और उन्होंने लगातार मेरा उत्साह बढ़ाया।' जैसमीन एक जुलाई से ही दोबारा नियमित प्रशिक्षण शुरू कर सकीं। ऐसे में उन्हें राष्ट्रमंडल खेलों की तैयारी के लिए एक महीने से भी कम समय मिला। उन्होंने बताया, 'सभी कोच ने मेरा पूरा साथ दिया। उन्होंने (कोच) कहा कि धीरे-धीरे फिटनेस हासिल करो और नतीजे की चिंता मत करो। सिर्फ आत्मविश्वास बनाए रखो।' महीनों की बीमारी, अधूरी तैयारियों और तमाम चुनौतियों के बीच ग्लास्गो में जीता गया यह स्वर्ण पदक जैसमीन के लिए किसी भी अन्य खिताब से कहीं अधिक मायने रखता है।

उन्होंने कहा, 'मैं बहुत खुश हूं। मैं यहां अपने पदक का रंग बदलने और भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतने के लक्ष्य के साथ आई थी।'

# 'सेट पर परेशान किया', गौरव खन्ना पर शगुन शर्मा का आरोप, टीवी के सुपरस्टार को बताया 'बुली', बोलीं- बहुत तंग किया..

डेस्क जगप्रेरणा।

*टीवी एक्टर गौरव खन्ना बीते कुछ महीनों से लगातार चर्चा में बने हुए हैं। 'बिग बॉस 19' की ट्रॉफी अपने नाम करने के बाद अब गौरव एक और रियेलिटी शो में दिखाई देने वाले हैं।*



गौरव, स्टंट बेस्ड रियेलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी 15' में दिखाई देंगे और ये पहली बार है जब पुराने कंटेस्टेंट्स के साथ नए कंटेस्टेंट्स भी दिखाई देंगे। शो अभी शुरू भी नहीं हुआ है और कॉन्ट्रोवर्सी का दौर पहले ही शुरू हो गया है। इस बीच शो की एक कंटेस्टेंट शगुन शर्मा ने गौरव खन्ना पर उन्हें बुली करने के आरोप लगाए हैं। शगुन का कहना है कि 'खतरों के खिलाड़ी 15' के दौरान गौरव उनके साथ काफी रूखा व्यवहार कर रहे थे और लगातार उन्हें बुली कर रहे थे।

## गौरव खन्ना ने मुझे बुली किया- शगुन शर्मा..

शगुन शर्मा ने फिल्मीज्ञान के साथ बातचीत में गौरव खन्ना के साथ काम करने पर प्रतिक्रिया दी। इस बारे में बात करते हुए 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' एक्ट्रेस ने कहा- 'गौरव खन्ना ऐसे इंसान हैं, जिसने मुझे बहुत परेशान, बहुत बुली किया है। मुझे लगता है कि वो ऐसे शख्स हैं, जिनसे में आगे चलकर कभी नहीं मिला चाहूंगी।' इसी दौरान शगुन से पूछा गया कि सेट पर ऐसा क्या हुआ, जो वो गौरव खन्ना को लेकर ऐसा कह रही हैं, तो जवाब में उन्होंने कहा- 'अगर कोई स्टंट होता था और उसमें पांच में से चार फेल हो गए हैं तो वो सिर्फ मुझे ही टारगेट करते थे। वो कहते थे कि शगुन से कुछ नहीं होता। उन्होंने बहुत मीन बातें कही थीं।'

## असल जिंदगी में बदल जाता है इंसान का बर्ताव- शगुन शर्मा..

शगुन शर्मा आगे कहती हैं- 'मुझे लगता है कि रियल लाइफ में इंसान का रूप बदल जाता है। इसलिए मैं ये नहीं कहूंगी कि शायद वो असल जिंदगी में भी ऐसे ही हैं, जैसा उनहोंने वहां बर्ताव किया।' शगुन शर्मा के इस बयान के बाद अब नेटिजंस दो ग्रुप में बंट गए हैं। जहां कुछ शगुन शर्मा का सपोर्ट करते दिखे और कहा कि 'बिग बॉस 19' के दौरान भी उनकी यही पर्सनैलिटी देखने मिली थी तो वहीं कुछ गौरव खन्ना का सपोर्ट करते दिखे और कहा कि वह हैरान हैं कि आखिर गौव के खिलाफ अचानक इतने लोग क्यों बोलने लगे हैं।

## गौरव खन्ना और आकांक्षा चमोला के बीच तनाव..

दूसरी तरफ गौरव खन्ना की पर्सनल लाइफ भी लगातार चर्चा में है। एक्टर की पत्नी और एक्ट्रेस आकांक्षा चमोला इन दिनों रियेलिटी शो 'लॉकअप 2' में नजर आ रही हैं, जहां उन्होंने खुलासा किया था कि वह और गौरव 1 साल से अलग रह रहे हैं और तलाक लेने वाले हैं। वहीं इसके बाद उन्होंने खुद को बाइसेक्शुअल बताया और वहीं पिछले दिनों वह अपने एक राज को लेकर परेशान दिखीं।

आकांक्षा का कहना था कि अगर उनका तीसरा राज खुलेगा तो वह और गौरव खन्ना पब्लिक लिंचिंग का शिकार हो सकते हैं और उनके घरवाले भी उनका इसमें साथ नहीं देंगे। शो में पिछले दिनों गौरव खन्ना ने भी शिरकत की थी, मगर आकांक्षा उनकी एंट्री से खुश नहीं थीं, जिसे लेकर उन्होंने बाद में खुलासा किया था।

# हुमा कुरैशी और फराह खान की डांट सुन रो पड़े वरुण यादव, 'लॉक अप 2' में लैला को मिला करारा जवाब..

डेस्क जगप्रेरणा।

*'लॉक अप 2' के नए एपिसोड में वरुण यादव उर्फलैला और पामेला सेरेना के बीच एक टास्क के दौरान महिलाओं पर गलत कमेंट करने को लेकर तीखी बहस हुई थी।*



पामेला ने लैला और उसके दोस्त आरुष भोला पर लैंगिक टिप्पणी करने का आरोप लगाया। हालांकि, अपने बचाव में लैला ने कहा कि न तो उन्होंने और न ही आरुष ने किसी का अपमान किया है। यह मुद्दा देखते ही देखते विवाद में बदल गया, जिसके बाद 'जजमेंट डे' पर उनकी जमकर क्लास लगाई गई। होस्ट फराह खान और गेस्ट हुमा कुरैशी ने पामेला की दोस्त लैली मिर्जा पर आरुष की टिप्पणियों पर उन्हें फटकार लगाई।

## लैला पर भड़कीं हुमा कुरैशी और फराह खान..

जजमेंट डे एपिसोड के दौरान फराह ने लैला से कहा, 'वरुण, जब आरुष घर के अंदर आया तो सबसे पहली बात उसने कही... ये शब्द है इस्तेमाल करने का?' उन्हें जवाब देते हुए, लैला ने कहा, 'हमारा उस वक्त दिमाग नहीं चल रहा था।' हुमा ने तुरंत उन्हें टोकते हुए उनकी सफाई का हवाला देते हुए कहा कि यह दिल्ली की बोली नहीं है और उन्हें समझाते हुए कहा, 'मैं भी दिल्ली से हूं और मुझे पता है हम कैसी बात करते हैं, ठीक है?' हुमा ने उनकी आलोचना करते हुए आगे कहा, 'तो अपनी सोच थोड़ी बढ़ा, मेरे दोस्त।'

## वरुण यादव पर सेक्सिस्ट कमेंट पड़ा भारी..

हुमा कुरैशी और फराह खान की डांट सुन लैला को बहुत बुरा लगता है और वह कुछ ही देर बाद रोते हुए अपनी सीट से उठकर वहां से चले जाते हैं। यह बहस तब शुरू हुई, जब पामेला ने लैला पर 'सेक्सिस्ट' होने और गेम में महिलाओं को निशाना बनाने का आरोप लगाया।

उन्होंने आरुष भोला पर भी अपनी दोस्त लैली मिर्जा का जिक्र करते हुए अपमानजनक शब्द 'चू चू चू' इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। खुद का और आरुष का बचाव करते हुए, लैला ने कहा कि उन शब्दों का मकसद किसी को ठेस पहुंचाना नहीं था और वे बस उनके बोलने के तरीके का हिस्सा थे।

## पामेला सेरेना ने वरुण यादव का सीक्रेट किया रिवील..

तीखी नोकझोंक के दौरान, पामेला ने लैला का एक सीक्रेट भी शेयर कर दिया और कहा कि वित्तीय संकट के दौरान अपने परिवार का सपोर्ट करने के लिए उन्होंने एक बार अखबार बेचे थे। इससे इनकार करने के बजाय, लैला ने अपनी कहानी शेयर की और कहा, 'दोस्तों.. मेरे घर में कोई फाइनेंशियल दिक्कत हुई थी तो मैंने अखबार बेचकर सुबह जा जा के कि मेरा घर चल जाए, दूध के, राशन के पैसे हो जाएं। मेरे पापा को थोड़ी पैसों दिक्कत हुई, हार्ट अटैक आया उनको। मैं अकेला चल रहा था घर।'

## लैला ने अखबार बेचकर चलाया घर..

वरुण यादव ने आगे बताया कि अखबार बेचने के अलावा उन्होंने अपने परिवार के सबसे मुश्किल दौर में उनकी मदद करने के लिए ट्यूशन भी पढ़ाए और कई दूसरे काम भी किए। लैला ने कहा कि उनके परिवार और करीबी दोस्तों समेत बहुत कम लोग ही उनकी जिंदगी के इस हिस्से के बारे में जानते थे।

# 'धुरंधर' में रणवीर सिंह को ही क्यों किया गया कास्ट? प्रोड्यूसर ने बताई असल वजह, बोलीं- 'स्टार नहीं परफॉर्मर चाहिए था'..

डेस्क जगप्रेरणा।

*'धुरंधर' और 'धुरंधर 2' रणवीर सिंह के करियर की अब तक की सबसे बड़ी फिल्में हैं। इन दिनों फिल्मों ने मिलकर दुनियाभर में 3000 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन करके सबको चौंका दिया। इस फिल्म में रणवीर सिंह ने अपने अभिनय से हर किसी को चौंका दिया और इसी के साथ इंडस्ट्री के सबसे बड़े स्टार्स में शुमार हो गए।*



इस बीच फिल्म की को-प्रोड्यूसर ज्योति देशपांडे ने भी इस फिल्म की सफलता के बारे में बात की और साथ ही ये भी बताया कि इस मेगा ब्लॉकबस्टर फ्रेंचाइजी में रणवीर सिंह को ही क्यों कास्ट किया गया।

## तथाकथित स्टार नहीं परफॉर्मर चाहिए थे- ज्योति देशपांडे..

ज्योति देशपांडे ने आउटलुक बिजनेस से बात करते हुए 'धुरंधर' फ्रेंचाइजी की सफलता पर खुलकर बात की। उन्होंने कास्टिंग के पीछे के गणित के बारे में बात करते हुए बताया कि फिल्म की कॉस्ट पहले से ही बहुत ज्यादा थी, ऐसे में उन्हें महंगे स्टार्स को फिल्म में लेना सही नहीं लग रहा था। उन्होंने कहा कि 'सो-कॉल्ड स्टार्स की तुलना में उन्हें एक परफॉर्मर की जरूरत थी' और रणवीर सिंह इसके लिए बिलकुल परफेक्ट थे। यही वजह थी कि इस फिल्म के लिए रणवीर सिंह को चुना गया।

## हमें पता था फिल्म महंगी है- ज्योति देशपांडे..

ज्योति देशपांडे आगे कहती हैं- 'मैं एक ऐसी फिल्म को फाइनेंस कर रही थी जो लीक से बिलकुल हटकर थी। इस फिल्म में ऐसी सिनेमैटिक खूबी थी जो लोगों ने पहले कभी नहीं देखी गई थी। हम महीनों इस पर बात करते रहे। करीब छह महीने तक और उन छह महीनों में ड्राफ्ट और कहानी में कई बदलाव किए गए। हमें पता था कि ये फिल्म महंगी है और हम चाहते थे कि हर एक पैसा स्क्रीन पर दिखे। हम कोई भी सेफ रास्ता नहीं अपना सकते थे, क्योंकि ये पहले से ही बहुत महंगी फिल्म थी। ऐसे में अगर हम महंगे एक्टर्स शामिल कर लेते तो ये फायदे का सौदा नहीं होता। इसलिए हमें सो कॉल्ड स्टार्स नहीं परफॉर्मर चाहिए थे।'

## पहले भी रणवीर के साथ किया काम..

ज्योति देशपांडे ने बताया कि वह पहले भी रणवीर सिंह के साथ काम कर चुकी हैं। ये तब की बात है जब वह इतने बड़े स्टार नहीं थे। उन्होंने बताया कि उन्होंने 'राम-लीला' और 'बाजीराव मस्तानी' जैसी फिल्मों में रणवीर के साथ काम किया था और आज भी उन्हें रणवीर की ये फिल्में सबसे ज्यादा पसंद हैं। उनके अनुसार, रणवीर एक शानदार एक्टर हैं और किसी भी किरदार में अपना सब कुछ झोंक देते हैं। वह खुद को पूरी तरह से अपने किरदार में ढाल लेते हैं।

## दोबारा पिता बनने वाले हैं रणवीर सिंह..

वर्क फ्रंट के अलावा निजी जिंदगी की बात करें तो रणवीर सिंह जल्दी ही दूसरी बार पिता बनने वाले हैं। अभिनेत्री दीपिका पादुकोण दूसरी बार प्रेग्नेंट हैं और दोनों ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इसका ऐलान किया था। हाल ही में रणवीर का एक वीडियो भी चर्चा में रहा।

वीडियो में रणवीर के फीमेल फैन के साथ मजाकिया अंदाज में बात करते दिखे थे, जहां वह अपने दूसरी बार पिता बनने का भी जिक्र करते दिखे। फ्लर्ट कर रही फैन से रणवीर कहते हैं- 'कितना फ्लर्ट कर रही हो यार, दो बच्चों का बाप बनने वाला हूं यार।'

## व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और स्वयं और अन्य लोगों को भी ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरों से जोड़ें।




# नीरज चोपड़ा ने सिल्वर मेडल जीतने पर दिया बड़ा बयान, कहा - अगर मैं नहीं हूं तो भी हमारे पास अब अच्छे थ्रोअर हैं..

डेस्क जगप्रेरणा।

*भारतीय स्टार जैवलिन थ्रो एथलीट नीरज चोपड़ा जो पिछले एक साल में फिटनेस की समस्या से काफी जूझते हुए दिखाई दिए उन्होंने कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में फिर से अपना वही पुराना कमाल दिखाने के साथ सिल्वर मेडल को अपने नाम किया। नीरज चोपड़ा इसी के साथ कॉमनवेल्थ गेम्स के इतिहास में जैवलिन थ्रो इवेंट में गोल्ड और सिल्वर मेडल जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट बन गए।*




मेडल जीतने के बाद नीरज ने चोट के बाद पूरी तरह से फिट होकर जहां अपनी वापसी को लेकर बयान दिया तो वहीं इसी इवेंट में कांस्य पदक जीतने वाले यश वीर सिंह की भी उन्होंने जमकर तारीफ की और कहा कि अब यदि मैं नहीं भी हूं तो भी हमारे पास मेडल जीतने वाले एथलीट मौजूद हैं।

भारत के लिए कॉमनवेल्थ गेम्स का 9वां दिन काफी शानदार रहा जिसमें अब मेडल की कुल संख्या 23 पहुंच चुकी है।

## पोडियम पर साथ खड़ा होना शानदार एहसास है..

नीरज चोपड़ा ने कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में सिल्वर मेडल जीतने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में बात करते हुए कहा कि आज एशियन गेम्स की यादें ताजा हो गईं, जब किशोर कुमार जेना और मैंने मेडल जीते थे। मुझे बहुत खुशी है कि यशवीर ने इतने अहम मौके पर अपना पर्सनल बेस्ट थ्रो किया, जिसमें पोडियम पर साथ खड़ा होना शानदार एहसास है। मैंने भी इस सीजन का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है और मेरी वापसी सही दिशा में आगे बढ़ रही है और अभी आगे कई अहम इवेंट आने वाले हैं।

सबसे बड़ी खुशी यह है कि अगर मैं मैदान पर नहीं भी हूं या चोटिल हूं, तब भी अब हमारे पास अच्छे थ्रोअर हैं। यशवीर अब 85 मीटर के क्लब में पहुंच गया है और रोहित भी अच्छा कर रहा है। यह देखकर बहुत खुशी होती है कि देश में जैवलिन थ्रो को लेकर काफी टैलेंट सामने आ रहा है।

## आज मेरा सिर्फ एक थ्रो अच्छा रहा..

ग्लासगो के ठंडे मौसम को लेकर भी नीरज चोपड़ा ने अपने बयान में आगे कहा कि आज मेडल इवेंट में मेरा सिर्फएक थ्रो अच्छा रहा जिसमें बाकी के थ्रो और बेहतर हो सकते थे। मुझे ठंडे मौसम में अच्छा प्रदर्शन करने में दिक्कत होती है और मैं गर्म मौसम पसंद करता हूं। बता दें कि अब नीरज चोपड़ा आगामी एशियन गेम्स 2026 से पहले डायमंड लीग में हिस्सा लेते हुए दिख सकते हैं।

## पीएम मोदी ने नीरज और यश वीर सिंह को दी बधाई..

कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में जैवलिन थ्रो में सिल्वर मेडल जीतने वाले नीरज चोपड़ा और कांस्य पदक विजेता यश वीर सिंह को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करने के साथ उनको बधाई दी है। पीएम मोदी ने नीरज चोपड़ा को बधाई देते हुए लिखा कि ग्लासगो में पुरुषों की जैवलिन थ्रो प्रतियोगिता में नीरज चोपड़ा ने शानदार सिल्वर मेडल जीता! उन्होंने एकबार फिर जबरदस्त निरंतरता, संयम और जज्बा दिखाया है। उनकी कामयाबी हर भारतीय को गर्व से भर देती है। भविष्य की उनकी कोशिशों के लिए मेरी शुभकामनाएं।

वहीं पीएम मोदी ने 24 साल के यश वीर सिंह को कांस्य पदक जीतने पर बधाई देने के साथ लिखा कि पुरुषों की जैवलिन थ्रो प्रतियोगिता में ब्रॉन्ज मेडल जीतने पर यश वीर सिंह को बधाई! उन्होंने शानदार थ्रो किया, जो उनके जोश और लगन को दिखाता है। उनकी यह उपलब्धि कई युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करेगी। भविष्य की उनकी कोशिशों के लिए उन्हें शुभकामनाएं।

लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..
Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 94070-33433



# जग प्रेरणा साहित्य अभिव्यक्ति





दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..
एकता आशीष वर्मा
मो. 9407033433

## पेपर लीक से बड़ा संकट : गिरती भाषा, टूटते संस्कार..

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। हमारे संविधान ने प्रत्येक नागरिक को अपनी बात रखने, सरकार से प्रश्न पूछने, शांतिपूर्ण विरोध करने और जवाबदेही मांगने का अधिकार दिया है। यही लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति है। जब किसी परीक्षा में पेपर लीक जैसी घटनाएँ सामने आती हैं, तब लाखों छात्रों और उनके परिवारों की मेहनत, समय और भविष्य प्रभावित होता है। ऐसे में छात्रों का आक्रोश स्वाभाविक है और सरकार से निष्पक्ष जांच, दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई तथा जवाबदेही की मांग करना पूरी तरह लोकतांत्रिक अधिकार है।

लेकिन लोकतंत्र केवल अधिकारों का नाम नहीं है, बल्कि कर्तव्यों और मर्यादाओं का भी नाम है। विरोध की आवाज जितनी बुलंद हो, उसकी भाषा उतनी ही संयमित और शालीन होनी चाहिए। यदि भाषा की मर्यादा समाप्त हो जाए, तो आंदोलन का मूल उद्देश्य पीछे छूट जाता है और चर्चा केवल अभद्रता पर केंद्रित हो जाती है।

हाल ही में शिक्षा व्यवस्था और पेपर लीक के विरोध में हुए एक छात्र आंदोलन के दौरान कुछ प्रदर्शनकारियों के ऐसे वीडियो सामने आए, जिनमें भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के लिए अत्यंत आपत्तिजनक और अशोभनीय भाषा का प्रयोग किया गया। कुछ वीडियो में उनकी माता के प्रति भी अपमानजनक टिप्पणियाँ भी सुनाई दीं। इन वीडियो की समाज के अनेक वर्गों ने आलोचना की। यह घटना केवल किसी एक व्यक्ति का अपमान नहीं थी, बल्कि सार्वजनिक संवाद की मर्यादा पर भी एक गंभीर प्रश्नचिह्न थी।

लोकतंत्र में सरकार की आलोचना की जा सकती है, नीतियों का विरोध किया जा सकता है और किसी मंत्री से इस्तीफे की मांग भी की जा सकती है। यदि किसी संगठन ने शिक्षा मंत्री से इस्तीफे की मांग की, तो वह लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा है। किंतु किसी भी संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति या उनके परिवार के प्रति अपमानजनक, अश्लील या अभद्र भाषा का प्रयोग न तो भारतीय संस्कृति का हिस्सा है और न ही स्वस्थ लोकतांत्रिक परंपरा का।

भारतीय सनातन संस्कृति हमें सिखाती है कि मतभेद हो सकते हैं, लेकिन मनभेद नहीं होने चाहिए। हमारे ऋषियों, संतों और महापुरुषों ने सदैव संयमित वाणी, विनम्रता और सम्मानपूर्ण संवाद का संदेश दिया है। हमारे यहाँ कहा गया है– ÷सत्यं ब्रूयात, प्रियं ब्रूयात÷, अर्थात सत्य बोलो, परंतु ऐसा सत्य जो मर्यादित और हितकारी भी हो। यही भारतीय संस्कृति की आत्मा है।

आज आवश्यकता इस बात की भी है कि परिवार, विद्यालय और समाज मिलकर बच्चों और युवाओं को केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि संस्कार भी दें। माता-पिता बच्चे के प्रथम गुरु होते हैं और विद्यालय उनके व्यक्तित्व का निर्माण करता है। यदि बच्चों को बचपन से यह सिखाया जाए कि असहमति को भी सम्मानजनक भाषा में व्यक्त करना चाहिए, तो वे भविष्य में जिम्मेदार नागरिक बनेंगे।

इस पूरे घटनाक्रम के बीच सार्वजनिक चर्चा में यह भी कहा गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन बच्चों के प्रति कठोर दंड के बजाय क्षमा और सुधार की भावना रखने की बात कही। सार्वजनिक रूप से प्रसारित संदेशों के अनुसार उन्होंने कहा कि बचपन में गलतियाँ हो जाती हैं और बच्चों को सुधारने का अवसर मिलना चाहिए। साथ ही समाज से भी अपील की गई कि ऐसे बच्चों को केवल दंड की दृष्टि से न देखा जाए, बल्कि उन्हें सही मार्ग दिखाने का प्रयास किया जाए। यदि ऐसा संदेश वास्तव में समाज तक पहुँचा है, तो यह भारतीय संस्कृति के उस आदर्श को दर्शाता है जिसमें दंड से अधिक महत्व सुधार और क्षमा को दिया जाता है।

भारतीय परंपरा में क्षमा को वीरों का आभूषण कहा गया है। ÷क्षमा वीरस्य भूषणम÷ केवल एक कहावत नहीं, बल्कि जीवन का आदर्श है। इसका अर्थ यह नहीं कि गलत कार्य का समर्थन किया जाए, बल्कि यह कि गलती स्वीकार करने वाले व्यक्ति को सुधारने का अवसर भी दिया जाए। यदि कोई युवा अपनी भूल स्वीकार करता है, खेद व्यक्त करता है और भविष्य में ऐसी गलती न दोहराने का संकल्प लेता है, तो समाज को भी उसके पुनर्निर्माण की दिशा में सकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए।

यह भी उतना ही आवश्यक है कि पेपर लीक जैसे गंभीर मामलों में दोषियों को कानून के अनुसार कठोर दंड मिले। छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई हो, परीक्षा प्रणाली को अधिक पारदर्शी और सुरक्षित बनाया जाए तथा युवाओं का विश्वास पुनः स्थापित किया जाए। यही सरकार, प्रशासन और समाज की साझा जिम्मेदारी है।

दूसरी ओर, युवाओं को भी यह समझना होगा कि किसी आंदोलन की सफलता उसकी भाषा, अनुशासन और नैतिक शक्ति पर निर्भर करती है। तर्क, तथ्य और संयमित अभिव्यक्ति किसी भी आंदोलन को मजबूत बनाते हैं, जबकि व्यक्तिगत गाली-गलौज और अपमान उसके उद्देश्य को कमजोर कर देते हैं। सोशल मीडिया के दौर में एक गलत शब्द लाखों लोगों तक पहुँचता है और पूरे आंदोलन की छवि को प्रभावित कर सकता है।

अंततः भारत की पहचान उसकी लोकतांत्रिक परंपरा, सांस्कृतिक मर्यादा और मानवीय मूल्यों से है। हमें ऐसा समाज बनाना होगा जहाँ सरकार से कठोर प्रश्न भी पूछे जाएँ, जवाबदेही भी तय हो, छात्रों के अधिकारों की रक्षा भी हो, लेकिन साथ ही भाषा की गरिमा, संवाद की शालीनता और परस्पर सम्मान भी बना रहे। यही सच्चे लोकतंत्र की पहचान है। विरोध में भी विवेक हो, असहमति में भी सम्मान हो और गलती होने पर सुधार तथा क्षमा का मार्ग खुला रहे– यही भारत की संस्कृति का सबसे बड़ा संदेश है।

लेखक



**हरीश नाग चांगोटोला, बालाघाट**

## सावन..

सावन का हो गया शुभ आगमन,
खिल से उठे जैसे धरती ,गगन ।
हर्षोल्लास, प्रफुल्लित हैं मन,
चमक रहा जैसे सारा चमन।।

हरियाली बिखरी है चहुँ ओर,
मदमस्त है हर किनारा,हर छोर।
मौसम सुहाना ये अति पावन।
शिव शक्ति का है अटूट बंधन।।

श्रृंगार कर रही गौरी मैया,
शिव भोले प्यारे मिले इन्हें सैया।
इनकी जोड़ी परम पुनित,
सावन के जैसे मधुर है गीत।।

भक्तिमय हुआ है वातावरण,
ओढ़े हैं ज्यों यह विशेष आवरण।
लेकर हाथों में
पूजा की थाली,
मंदिर चले हैं
नर और नारी।।

कथा है प्रचलित
यह सदियों पुरानी,
धरती भ्रमण करेंगे
महादेव, गौरा रानी।
कर्मों को अपने शुद्ध बनाएं।
इनके चरणों में
हम शीश नवाएं।।

कवयित्री



**श्रीमती ऋचा देशमुख**

## कर मेरे स्वीकार नयन दो

कर मेरे स्वीकार नयन दो,
अश्रुजल से पूर्ण भरे,
है प्रणय-सुधा रसधार धरे।।

है वक्ष मेरा निर्भीक कि
भीतर नेह तुम्हारा पलता है,
है कंठ मेरा शीतल कि
आकर राग जहाँ पर ढलता है।
है रंध्रों में रुधिर नहीं,
बह जाए तो भी पीर नहीं,
कि चलो ये सरिता पार करें।
है प्रणय-सुधा रसधार धरे।।

है तुमसे जुड़े साँसों के
स्पंदन भरते जीवन मुझमें,
है आता देख सहज तुझको
क्यों यह समर्पण मुझमें।
नवनीत तुम्हीं, हो प्रीत तुम्हीं,
मेरे स्वप्नों का द्वीप तुम्हीं,
आओ सृजन साकार करें।
है प्रणय-सुधा रसधार धरे।।

मत देख रेत का आँगन
कि यह धारा इसे डुबो देगी,
पलकों के किनारे भीगेंगे,
नव स्वप्न नदी संजो लेगी।
ओ धवल नयन, बस देख लगन,
हो ऐसा अब एक मिलन,
कि दिशा-दिशा स्वीकार करें।
है प्रणय-सुधा रसधार धरे।।


है ताप बहुत, किन्तु मरुथल
भी नयनों का रोता है,
क्या 'आप' कभी देखा है,
सृष्टि में कुछ भी होता है।
कुछ तुम आओ,
मुझ पर छाओ,
मैं तुम, तुम मैं बन जाओ,
यों हम असार
को साथ करें।
है प्रणय-सुधा
रसधार धरे।।
कर मेरे स्वीकार
नयन दो,
अश्रुजल से पूर्ण भरे,
है प्रणय-सुधा
रसधार धरे।।

रचनाकार



**संतोष सिंह नैकाने, गोंदिया महाराष्ट्र**


## शब्दवर्गपहेली क्र.- 235



**ck;sa ls nk;sa&** 1) पाकिस्तान के एक भूतपूर्व राष्ट्राध्यक्ष 7) चिर सधवा 11) भाग्य में लिखा हुआ 13) नग्न 14) एक बहुत पूराने गायक एवं अभिनेता का कुलनाम जो पुरानी फिल्म 'देवदास' के नायक थे 15) लहरीला 17) बुद्धिमान 19) एक विदेशी शराब 20) बला, विपत्ति 22) न्यायालय में किसी के खिलाफ मुकदमा चलानेवाला 23) एक तोले का बारहवां भाग 25) सड़क पर रीछ या बंदर के करतब दिखानेवाला 26) आग की लपट 27) एक पुराने फारसी जुल्मी ईरानी बादशाह 29) आक्रमण 30) गाय 31) पृथ्वी के नीचे का छठा लोक 33) क्षीण, दुबला, जो मोटा न हो 35) एक बड़ा फल 38) यतीम, जिसका कोई पालनहार न हो 39) तपस्या, चिंतन 41) चान्दी 45) शहर के प्रवेश द्वार पर वसुला जानेवाला कर 47) विष्णु का एक नाम 50) सहमत 51) स्वर, आवाज 52) स्थान 54) इटली की राजधानी 55) रचयिता 57) नौकरी से निकाला हुआ 60) प्रणाम का एक शब्द 62) झगड़ालू 64) कमला के पति श्री विष्णु 66) अनुमति 68) महर्षी वेद व्यासद्वारा रचित एक बड़ा महाकाव्य 70) जमीन पर बिछाया जानेवाला गलीचा 71) खिसकाना, चलता करना 73) प्रत्येक, शिव 75) रत्न, मणि 76) आग का लपट के साथ जलना 78) जिद्दी 79) सारी जिम्मेदारी 81) स्वीकार करना 82) असंभव या अलौकिक घटना 83) वस्त्र, कपड़ा 84) समान 86) नाचने या स्वांग रचनेवाली एक जाति, अभिनेता 87) बलपूर्वक 89) सुकुमारी 91) मुंह से निकलनेवाला लसदार थूक 92) असफलता 95) वन में रमनेवाले श्रीकृष्ण 97) कार्य, करतूत 98) पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता का पूर्ववर्ती नाम 99) दाम, कीमत 100) विभाग, लोक, जमीन का छोटा टुकड़ा 101) तहलका मचना 103) लेखनी 105) बेटी का पति 107) हथेली 109) धोखा देकर लोगों का धन हरण करनेवाला 110) प्रभु, स्वामी 111) बिनौले सहित रुई 113) सप्ताह का एक वार 114) अदाकार, किसी कला में निपुण व्यक्ति 115) पालन पोषण करना

**Aij ls uhps&** 1) हाथ पैर बढ़ाकर लेटना 2) दयालू 3) गति 4) पानी,, नीर 5) सज्जन, नेक 6) परिणाम 7) जाड़ा, जुकाम 8) पिता के पिता 9) आंखो में डाला जानेवाला एक किस्म का अंजन 10) हाथी 11) अजा 12) हमारे नित्य भोजन का एक द्रव्य पदार्थ 13) यशोदा के पति 16) सन्दर्भ, प्रमाण का उल्लेख 17) न्यायालय 18) जिसके साथ मंगनी हुयी हो वह 20) पदचाप, किसी के आने का शब्द 21) खलबली 24) उत्तर प्रदेश का एक तीर्थस्थान जहां से गौतम बुद्ध ने धर्म प्रसार प्रारंभ किया था 25) विचार 28) भाजी,, तरकारी,, साग 32) सह, संग 34) शरमाना 36) पचाना, हर लेना 37) परस्त्री 38) इतिहास काल के अकबर पुत्र सलीम की प्रेमिका 40) पराजित 42) उसके बाद 43) उपहार 44) शोरगुल, आर्तनाद 46) प्रकार 48) एक वनस्पति जिससे तेल निकाला जाता है 49) घोड़े की सबसे तेज चाल 53) दुःख, शोक 56) तीव्र प्रकाश के कारण आंखो का झपकना 57) आफत 58) आदर सत्कार 59) आनंद, मस्ती 61) बहुत बड़ा 63) बुरी आदत 65) मन को हरनेवाला 66) पुरस्कार 67) विष 69) हिस्सेदार 70) एकही आंख से जिसे दिखायी देता हो 72) वह स्थान जहां यंत्रो की सहायता से बड़े पैमाने पर चीजें तैयार होती है 74) घंटी की आवाज 76) रुपया पैसा, दौलत 77) दासी,, सेविका (उर्दू) 80) अनार (सं.) 81) मनुष्यता 82) प्रभावकारी 83) हमारा एक पड़ोसी देश 84) थोड़ा बाजू मे खिसकना 85) एक पुराने प्रसिद्ध जुलाहा संत 87) बलवान 88) बकवास, व्यर्थ बातचीत 90) शंकरजी का एक नाम 91) लोम 93) अफगाणिस्तान की राजधानी 94) स्मरण, स्मृति 96) बहुत सम्पन्न 98) थोड़ा, अल्प 101) जो भारी न हो 102) पागल 103) बात, उक्ति, कहना 104) बारह राशियों में से एक 105) कलंक, धब्बा 106) औषधी 108) पेंदा 110) घोड़े के टापों पर लगाया जानेवाला लोहे का अर्धचन्द्रकार टुकड़ा 112) प्राप्त करना ●
(जवाब अगले अंक में)

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब



anumeya-08446302691

## बंधन में भी आस..

डोर में बँधा एक नन्हा पंछी,
फिर भी आँखों में उजियारा है।
पंख भले ही थम से गए हों,
सपनों ने कब हार स्वीकारा है।
हर गाँठ एक सवाल बनी है,
हर साँस जैसे इम्तिहान।
फिर भी मन कहता है चुपके,
आएगा फिर नया विहान।
कैद शरीर की हो सकती है,
मन को कौन बाँध पाया है?
उम्मीदों की खुली दिशा में,
उसने अपना घर बनाया है।
जो आज बँधा
हुआ दिखता है,
कल वही गगन नापेगा।
हौसले की
छोटी-सी चिंगारी,
हर अँधियारा काटेगी।
जीवन भी इस पंछी जैसा,
कभी बंधन, कभी उड़ान।
हिम्मत जिसका
साथ निभाए,
उसकी होती सदा पहचान।

रचनाकार



**हिमांशु हाइगे बालाघाट**





जग प्रेरणा
व्यापार समाचार
● शेयर बाजार ● इलेक्ट्रॉनिक्स ● कपड़ा ● किराना ● लोहा ● सिमेंट ● सराफा ● आटोमोबाईल्स

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत 192 रुपये घटी, विमान ईंधन 5 रुपये प्रति लीटर महंगा

नई दिल्ली, (भाषा)।
***होटल और रेस्तरां जैसे प्रतिष्ठानों में उपयोग होने वाली वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत में शनिवार को बड़ी कटौती की गयी। इसके तहत 19 किलोग्राम के एलपीजी के सिलेंडर के दाम में 192 रुपये की कमी की गयी है।***



वहीं विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमत में 5 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई। यह बदलाव अंतरराष्ट्रीय मानक दरों के रुख को देखते हुए किया गया है।

सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों से मिली सूचना के अनुसार, दिल्ली में 19 किलोग्राम का वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर अब 2,930 रुपये के बजाय 2,738 रुपये का मिलेगा। वहीं, एटीएफकी कीमत 110 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 115 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है।

यह लगातार दूसरा महीना है, जब वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत में कटौती की गई है। इससे पहले एक जुलाई को 183.50 रुपये प्रति सिलेंडर की कमी की गई थी। वहीं, एटीएफकी कीमत में वृद्धि ने एक जुलाई को की गई लगभग समान कटौती का असर खत्म कर दिया।

एक जुलाई और एक अगस्त को वाणिज्यिक एलपीजी की कीमतों में की गई कटौती से पहले पश्चिम एशिया संकट के कारण जून में इसकी कीमत रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी। फरवरी के आखिर में संघर्ष शुरू होने के बाद 19 किलोग्राम के वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत जून में बढ़कर 3,113.50 रुपये हो गई थी जबकि फरवरी में यह 1,740.50 रुपये थी। यानी इस दौरान इसमें कुल 1,373 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी हुई थी। इसके साथ ही बाजार मूल्य वाले पांच किलो वाले एलपीजी सिलेंडर की कीमत भी 808.50 रुपये से घटाकर 762 रुपये कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि हर महीने की पहली तारीख को अंतरराष्ट्रीय मानक मूल्यों और विदेशी मुद्रा विनिमय दरों के आधार पर इन कीमतों में संशोधन किया जाता है। वैट जैसे स्थानीय करों के कारण विभिन्न राज्यों में इनकी कीमतें अलग-अलग होती हैं। घरेलू रसोई गैस (14.2 किलोग्राम) की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है और इसकी कीमत 942 रुपये प्रति सिलेंडर बनी हुई है। घरेलू एलपीजी की कीमत में आखिरी बार सात जून को 29 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की गई थी। इससे पहले पश्चिम एशिया संकट के कारण आपूर्ति प्रभावित होने और अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा कीमतों में तेजी के चलते मार्च में 60 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की गई थी।

पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भी कोई बदलाव नहीं किया गया है। इन दोनों ईंधनों की कीमतों में आखिरी बार मई में लगभग 7.50 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई थी।

# परियोजनाओं को पूरा करने की समयसीमा बढ़ाने से रियल एस्टेट क्षेत्र को राहत: निकाय

नई दिल्ली, (भाषा)।
***रियल एस्टेट क्षेत्र के प्रमुख निकाय क्रेडाई और नारेडको ने रियल एस्टेट परियोजनाओं को पूरा करने की समयसीमा चार महीने बढ़ाने संबंधी सरकार के परामर्श को इस क्षेत्र के कारोबारियों के लिए राहत भरी पहल बताया है।***

निकायों ने कहा कि इससे निर्माण सामग्री की कमी से जूझ रहे डेवलपर्स को राहत मिलेगी। उन्होंने राज्यों के रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरणों (रेरा) से यह समय सीमा जल्द से जल्द बढ़ाने का अनुरोध किया, ताकी इस उद्योग को राहत मिल सके।

केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने शुक्रवार को सभी राज्यों के रेरा के लिए परामर्श जारी कर कहा था कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हुई है, जिससे निर्माण सामग्री की कमी पैदा हो गई है और रियल एस्टेट परियोजनाओं का समय पर निर्माण प्रभावित हो रहा है। ऐसे में पात्र परियोजनाओं के पंजीकरण और निर्माण पूरा करने की समयसीमा चार महीने बढ़ाई जाए।

इस परामर्श को लेकर क्रेडाई के अध्यक्ष शेखर पटेल ने कहा, ''मंत्रालय का यह परामर्श रियल एस्टेट क्षेत्र की मांग के अनुरूप एक सकारात्मक कदम है।''

पटेल ने कहा, ''हालांकि युद्ध की वजह से आई रुकावटों के कारण इस उद्योग को निर्माण सामग्री की आपूर्ति और श्रमिकों की उपलब्धता में बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन समय सीमा के विस्तार वाले परामर्श से डेवलपर्स को परियोजना पूरा करने की निर्धारित समय को मौजूदा बाज़ार की स्थिति के हिसाब से तय करने में मदद मिलेगी।''

मंत्रालय को रियल एस्टेट क्षेत्र के हितधारकों से कई आवेदन मिले थे, जिनमें परियोजनाओं के समय पर पूरा होने में आ रही रुकावटों को देखते हुए राहत की मांग की गई थी।

सिग्नेचर ग्लोबल के संस्थापक एवं चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल ने कहा कि पश्चिम एशिया की स्थिति के कारण वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में आई बाधाओं से निर्माण सामग्री की उपलब्धता गंभीर रूप से प्रभावित हुई है।

उन्होंने कहा, ''चार महीने का विस्तार देने का सरकार का फैसला व्यावहारिक और दूरदर्शी है।''

नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल (नारेडको) के अध्यक्ष परवीन जैन ने कहा, ''पश्चिम एशिया की भू-राजनीतिक परिस्थितियों के कारण निर्माण सामग्री की उपलब्धता और लागत दोनों प्रभावित हुई हैं, जिससे परियोजनाओं में देरी होना स्वाभाविक है।''

यह राहत उन परियोजनाओं पर लागू होगी, जिनकी मूल, संशोधित या पहले से बढ़ाई गई पूर्णता तिथि 28 फरवरी, 2026 या उसके बाद की है।

क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100/- प्रतिदिन.. दैनिक जगप्रेरणा में क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100 /- प्रतिदिन में प्रकाशित किये जाते हैं। कृपया संपर्क करें.. मो. 9329033433

# सकल जीएसटी संग्रह जुलाई में 15.4 प्रतिशत बढ़कर 2.11 लाख करोड़ रुपये के पार..

नई दिल्ली, (भाषा)।
***सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह जुलाई में 15.4 प्रतिशत बढ़कर 2.11 लाख करोड़ रुपये से अधिक पहुंच गया। घरेलू लेनदेन और आयात से अधिक कर संग्रह के कारण जीएसटी संग्रह बढ़ा है।***




शनिवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। पिछले वर्ष जुलाई में सकल जीएसटी संग्रह 1.83 लाख करोड़ रुपये रहा था। वहीं, जून 2026 में यह लगभग 1.95 लाख करोड़ रुपये था। वित्त मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, जुलाई में कुल जीएसटी संग्रह 2,11,205 करोड़ रुपये रहा।

आंकड़ों के अनुसार, जुलाई के दौरान केंद्रीय माल एवं सेवा कर (सीजीएसटी) से 39,835 करोड़ रुपये, राज्य माल एवं सेवा कर (एसजीएसटी) से 47,881 करोड़ रुपये और एकीकृत माल एवं सेवा कर (आईजीएसटी) से 1.23 लाख करोड़ रुपये से अधिक का संग्रह हुआ।

कुल कर वापसी यानी रिफंड इस दौरान 13.1 प्रतिशत बढ़कर 29,968 करोड़ रुपये रहा। कर वापसी समायोजित करने के बाद शुद्ध जीएसटी राजस्व 1.81 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। डेलॉयट इंडिया के पार्टनर एम एस मणि ने कहा कि जीएसटी संग्रह बाहरी माहौल में चुनौतियों के बावजूद निरंतर आर्थिक मजबूती को दर्शाता है।

मणि ने कहा, ''घरेलू खपत पर हर महीने जीएसटी संग्रह में स्थिर वृद्धि से पता चलता है कि कुल घरेलू खपत काफी हद तक मौसमी विविधताओं और बाहरी प्रतिकूल परिस्थितियों से मुक्त हो रही है।'' उन्होंने कहा कि जुलाई में महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक और तेलंगाना जैसे प्रमुख विनिर्माण राज्यों में जीएसटी संग्रह बढ़ा है।

केपीएमजी के अप्रत्यक्ष कर प्रमुख एवं पार्टनर अभिषेक जैन ने कहा कि जुलाई में जीएसटी राजस्व वृद्धि का अधिकांश हिस्सा आयात से आया और यह पता करना महत्वपूर्ण होगा कि क्या यह तैयार माल है या कच्चा माल, तथा इसमें से कितना हिस्सा उच्च मात्रा के बजाय केवल कमजोर रुपये को दर्शाता है।

# केंद्र सात बाढ़ प्रभावित राज्यों को एसडीआरएफकी 2,117 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी करेगा

नई दिल्ली, (भाषा)।
***केंद्र सरकार ने चालू मानसून सत्र के दौरान सात बाढ़ प्रभावित राज्यों की सहायता के लिए राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (एसडीआरएफ) के तहत 2,117.85 करोड़ रुपये की राशि को अग्रिम रूप से जारी करने की मंजूरी दी है।***

एक आधिकारिक बयान में शनिवार को यह जानकारी दी गई। प्रभावित राज्यों में हिमाचल प्रदेश, ओडिशा और नागालैंड को वित्त वर्ष 2026-27 के लिए केंद्रीय हिस्से की पहली किश्त पहले ही मिल चुकी है। बयान में कहा गया, ''राहत कार्यों के लिए समय पर धन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हिमाचल प्रदेश और ओडिशा को एसडीआरएफके केंद्रीय हिस्से की दूसरी किश्त अग्रिम रूप से जारी करने की मंजूरी दी है।''

हिमाचल प्रदेश को दूसरी किश्त के रूप में 193.95 करोड़ रुपये तथा ओडिशा को 500 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। बयान के अनुसार दस्तावेजी आवश्यकताओं में ढील देकर अरुणाचल प्रदेश, असम, गुजरात और महाराष्ट्र के लिए पहली किश्त को अग्रिम रूप से जारी करने की मंजूरी दी गई है।

अरुणाचल प्रदेश के लिए 44.55 करोड़ रुपये, असम के लिए 379.35 करोड़ रुपये, गुजरात के लिए 500 करोड़ रुपये और महाराष्ट्र के लिए 500 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की गई है।

बयान में कहा गया, ''इस मंजूरी के साथ, बाढ़ प्रभावित राज्यों को उनके राहत और बचाव उपायों को मजबूत करने के लिए कुल 2,117.85 करोड़ रुपये उपलब्ध कराए गए हैं।'' बयान में आगे कहा गया, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार प्रभावी राहत, बचाव और पुनर्वास उपायों के लिए राज्यों को हर संभव आवश्यक सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध है और स्थिति की बारीकी से निगरानी करना जारी रखेगी।''

# यूपीआई लेनदेन जुलाई में 29.9 लाख करोड़ रुपये के नए रिकॉर्ड स्तर पर..




नई दिल्ली, (भाषा)।
***नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफइंडिया (एनपीसीआई) के आंकड़ों के अनुसार लोकप्रिय यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) के जरिए होने वाले लेनदेन का मूल्य जुलाई 2026 में फिर से 29.9 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया।***

इससे पहले मई 2026 में भी यूपीआई लेनदेन 29.9 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा था।

शनिवार को जारी आंकड़ों के अनुसार जुलाई में लेनदेन की संख्या 23.66 अरब रही, जो मई के 23.2 अरब और जून के 22.72 अरब से अधिक है।

जुलाई में लेनदेन का मूल्य 29.88 लाख करोड़ रुपये रहा, जो एक साल पहले इसी महीने में 25.08 लाख करोड़ रुपये था। इस प्रकार इसमें सालाना आधार पर 19 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

पेनियरबाय के प्रबंध निदेशक और सीईओ आनंद कुमार बजाज ने कहा, ''यूपीआई भारत के डिजिटल भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र की नींव को लगातार मजबूत कर रहा है। इसने जुलाई 2026 में 29.88 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 23.66 अरब लेनदेन को संसाधित किया, जो लाखों भारतीयों के लिए भुगतान के पसंदीदा माध्यम के रूप में इसकी भूमिका की पुष्टि करता है।''

उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे यूपीआई की पहुंच बढ़ रही है, ध्यान जमीनी स्तर पर विश्वास, जागरूकता और सरलता पर केंद्रित रहना चाहिए। यूपीआई अब यूएई, सिंगापुर, भूटान, नेपाल, श्रीलंका, फ्रांस, मॉरीशस और कतर सहित लगभग दस देशों में सक्रिय है।

# कोल इंडिया का उत्पादन जुलाई में 8.4 प्रतिशत बढ़कर 5.036 करोड़ टन पर..

नई दिल्ली, (भाषा)।
***सरकारी कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) का कोयला उत्पादन जुलाई में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 5.036 करोड़ टन हो गया। सीआईएल की देश के कुल कोयला उत्पादन में 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी है।***



बारिश से जुड़ी चुनौतियों के बावजूद कंपनी ने उत्पादन में अच्छी वृद्धि दर्ज की। मांग के अनुरूप भंडार प्रबंधन रणनीति के चलते कोयले की आपूर्ति भी मजबूत बनी रही और उत्पादन तथा आपूर्ति के बीच संतुलन बनाए रखा गया।

कंपनी ने बयान में कहा, ''कोल इंडिया लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026-27 के जुलाई में शानदार परिचालन प्रदर्शन किया और कोयला उत्पादन में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की।'' कोयले की आपूर्ति जुलाई में 18.38 प्रतिशत बढ़कर 6.419 करोड़ टन रही।

बयान में कहा गया, ''वित्त वर्ष 2026-27 के जुलाई महीने में की गई कोयले की आपूर्ति, किसी भी वित्त वर्ष के इसी महीने में कोयले की अब तक की सबसे ज्यादा खपत है। इससे पहले जुलाई में सबसे ज़्यादा आपूर्ति वित्त वर्ष 2024-25 में 6.05 करोड़ टन हुई थी।''

कोल इंडिया ने जून 2026 में 6.595 करोड़ टन कोयले की आपूर्ति की थी, जो जून महीने की अब तक की सबसे अधिक आपूर्ति थी।

कंपनी के अनुसार, चालू वित्त वर्ष के पहले चार महीनों (अप्रैल-जुलाई) में कुल कोयला आपूर्ति 6.9 प्रतिशत बढ़कर 26.204 करोड़ टन हो गई, जो इस अवधि का अब तक का सर्वाधिक स्तर है। इससे पहले अप्रैल-जुलाई 2024-25 में 25.94 करोड़ टन आपूर्ति का रिकॉर्ड था।

बिजली क्षेत्र को कंपनी की कोयला आपूर्ति जुलाई में 18 प्रतिशत बढ़कर 4.977 करोड़ टन रही, जबकि पिछले वर्ष समान अवधि में यह 4.235 करोड़ टन थी। बिजली क्षेत्र, कोल इंडिया का सबसे बड़ा उपभोक्ता वर्ग है।

# हीरो मोटोकॉर्प की बिक्री जुलाई में 18.6 प्रतिशत बढ़कर 5,33,416 इकाई पर..




नई दिल्ली, (भाषा)।
***दोपहिया वाहन विनिर्माता कंपनी हीरो मोटोकॉर्प की कुल बिक्री जुलाई 2026 में 18.6 प्रतिशत बढ़कर 5,33,416 इकाई हो गई, जबकि पिछले वर्ष जुलाई में यह 4,49,755 इकाई रही थी।***

कंपनी ने बयान में कहा कि जुलाई में उसकी घरेलू बिक्री 21.6 प्रतिशत बढ़कर 5,01,403 इकाई रही, जबकि जुलाई 2025 में यह 4,12,397 इकाई थी।

मोटरसाइकिलों की बिक्री जुलाई में बढ़कर 4,68,565 इकाई हो गई, जो एक वर्ष पहले समान अवधि में 4,00,615 इकाई थी। वहीं, स्कूटरों की बिक्री भी बढ़कर 64,851 इकाई रही, जो जुलाई 2025 में 49,140 इकाई थी। कंपनी ने बताया कि इस वर्ष जुलाई में उसका निर्यात 14.3 प्रतिशत घटकर 32,013 इकाई रहा, जो पिछले वर्ष जुलाई में 37,358 इकाई था।

# मुथूट फाइनेंस का शुद्ध लाभ जून तिमाही में 43 प्रतिशत बढ़कर 2,825 करोड़ रुपये पर..

नई दिल्ली, (भाषा)।
***गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) मुथूट फाइनेंस का एकीकृत शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून 2026) में 43 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2,825 करोड़ रुपये हो गया।***




कंपनी का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2025-26 की समान तिमाही में 1,974 करोड़ रुपये था। मुथूट फाइनेंस ने शेयर बाजार को बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 8,695 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 6,485 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने शनिवार को बताया कि वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में उसका कुल खर्च भी बढ़कर 4,898 करोड़ रुपये हो गया, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 3,812 करोड़ रुपये था।

मुथूट फाइनेंस की प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) 43 प्रतिशत बढ़कर 1,91,532 करोड़ रुपये हो गई, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 1,33,938 करोड़ रुपये थीं। कंपनी के निदेशक मंडल ने एक अक्टूबर, 2026 से अलेक्जेंडर जॉर्ज को प्रबंध निदेशक नियुक्त करने की सिफारिश की है। हालांकि, यह नियुक्ति आगामी वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन होगी। निदेशक मंडल ने के आर बिजिमोन को एक अक्टूबर 2026 से कंपनी का मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किए जाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। वर्तमान प्रबंध निदेशक जॉर्ज अलेक्जेंडर मुथूट अब कार्यकारी वाइस चेयरमैन की जिम्मेदारी संभालेंगे।

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्हर विक्रेता
रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 9890696200

॥ श्री जीणमाता की जय ॥ ॥ जय गुलाब बाबा नमः ॥
प्रो. मनीष वर्मा, मो. 9425448126
मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते है एंव गाड़ियाँ सुधारी जाती है।
Hero BAJAJ HONDA TVS
वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा
लांजी किरनापुर हट्टा
● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● रिसेवाड़ा ● बहेला ● साडरा ● हिर्री ● रजेगांव

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# तेज रफ्तार बोलेरो की चपेट में आये मोटर साइकिल सवार की मौत एक गंभीर..






## अन्य वाहनों को टक्कर मारकर खेत में पलटी बोलेरो..

जगप्रेरणा लांजी।

***पुलिस थाना लांजी अंतर्गत ग्राम दुल्हापुर में शराब के नशे में लापरवाही पूर्वक तेज रफ्तार बोलेरो क्रमांक एमपी 50 जेडजी 2892चलाते हुए चालक ने शनिवार 1 अगस्त की शाम 6.30 बजे दुल्हापुर बस स्टैंड के समीप***

एक मोटरसाइकिल को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। भीषण हादसे में बिना नंबर की बाइक सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर के बाद अनियंत्रित हुई बोलेरो ने तीन अन्य दोपहिया वाहनों को भी अपनी चपेट में ले लिया और सड़क किनारे खेत में जाकर पलट गई। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई, वहीं पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चालक को हिरासत में ले लिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि मोटरसाइकिल सवार सड़क पर दूर जा गिरे। दुर्घटना के बाद बोलेरो चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े तीन अन्य दोपहिया वाहनों को भी अपनी चपेट में लेता हुआ खेत में जाकर पलट गया। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा- तफरी का माहौल बन गया। दुर्घटना में बडग़ांव निवासी फुलदास पिता सुखराम पांचे 55 वर्ष की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई, जबकि मोटरसाइकिल चालक संतोष पिता मेहतलाल जामरे 45 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस और स्थानीय लोगों की सहायता से दोनों को तत्काल सिविल अस्पताल लांजी पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने फुलदास पांचे को मृत घोषित कर दिया। वहीं संतोष जामरे का प्राथमिक उपचार करने के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए रेफर कर दिया गया।

हादसे में चार दोपहिया वाहन भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। इनमें अजय नारनौरे दुल्हापुर की हीरो एचएफ डिलक्स एमपी 50 एमआर 6926, मिथुन अस्तने दखनीटोला आवास की जूपीटर स्कूटी एमपी 50 जेडसी 7324 तथा यामाहा एफजेड एमपी 50 एमआर 0974 शामिल हैं। बताया जा रहा है कि बोलेरो में चालक सहित अन्य लोग सवार थे। घटना की सूचना मिलते ही लांजी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने डायल-112 की सहायता से बोलेरो चालक को हिरासत में लेकर थाना पहुंचाया तथा सड़क पर बाधित यातायात को सुचारु कराया। पुलिस ने मर्ग कायम कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# इंटरनेशनल कराते चैंपियनशिप में तोशराम को मिला रजत पदक

## प्रदेश के खेल प्रेमियों ने दी बधाईयां..






जगप्रेरणा लांजी।

***पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के प्रतिष्ठित नेताजी इंडोर स्टेडियम में आयोजित 10वीं इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप - इंडियन चैलेंजर्स कप 2026 में बालाघाट जिले के***

लांजी विकासखंड अंतर्गत थानेगांव निवासी एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग, रीवा में पदस्थ जिला खेल प्रशिक्षक (कराटे) तोषराम कनोजे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मास्टर्स कैटेगरी के ओपन काता इवेंट में रजत (सिल्वर) पदक अपने नाम किया। उनकी इस उपलब्धि ने न केवल बालाघाट जिले, बल्कि पूरे मध्यप्रदेश का गौरव बढ़ाया है।

यह अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता देश-विदेश के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की मौजूदगी में आयोजित हुई, जिसमें भारत सहित कई देशों के खिलाड़ियों ने विभिन्न वर्गों में अपनी तकनीकी दक्षता और खेल कौशल का प्रदर्शन किया। कड़े मुकाबलों के बीच तोषराम कनोजे ने अपने अनुभव, अनुशासन और उत्कृष्ट तकनीक का परिचय देते हुए फाइनल तक का सफर तय किया तथा सिल्वर मेडल जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रतियोगिता में तोषराम कनोजे के साथ उनके प्रशिक्षित खिलाड़ी शिवा कुशवाहा एवं विनेश कनोजे ने भी मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। दोनों खिलाड़ियों ने भी अपने-अपने मुकाबलों में बेहतर प्रदर्शन कर प्रदेश का मान बढ़ाया। खिलाड़ियों की इस भागीदारी को भविष्य के लिए उत्साहजनक माना जा रहा है।

गौरतलब है कि तोषराम कनोजे लंबे समय से कराटे प्रशिक्षण के क्षेत्र में सक्रिय हैं और उनके मार्गदर्शन में अनेक खिलाड़ी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुके हैं। वर्तमान में वे खेल एवं युवा कल्याण विभाग, रीवा में जिला खेल प्रशिक्षक के रूप में सेवाएँ देते हुए युवा खिलाड़ियों को उच्चस्तरीय प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। उनकी इस अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि से यह साबित हुआ है कि वे न केवल एक सफल प्रशिक्षक हैं, बल्कि स्वयं भी उत्कृष्ट खिलाड़ी हैं।

तोषराम कनोजे की इस सफलता पर लांजी, बालाघाट एवं रीवा जिले में हर्ष का माहौल है। खेल प्रेमियों, जनप्रतिनिधियों, प्रशिक्षकों, खिलाड़ियों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि जिले के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे आने वाले समय में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी मध्यप्रदेश और देश का नाम इसी तरह गौरवान्वित करते रहेंगे।

# एक पेड़ मां के नाम अभियानः गणेशी तालाब के समीप लगाए फलदार पौधे





जगप्रेरणा लांजी।

***मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड लांजी के मार्गदर्शन एवं जिला समन्वयक महेश पटले के निर्देशन में आयोजित स्वैच्छिकता पर्व (4 जुलाई से 12 अगस्त)***

के अंतर्गत 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत नगर के हृदय स्थल गणेशी तालाब परिसर में 1 अगस्त को पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सहयोगी नवांकुर संस्था स्पोर्ट एंड स्काउट गाइड ऑर्गेनाइजेशन तथा नगर परिषद लांजी के संयुक्त तत्वावधान में वरिष्ठ समाजसेवी संतोष मोरघडे की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में कटहल के पाँच पौधों का विधिवत रोपण किया गया। उपस्थित जनों ने पौधारोपण के साथ उनके संरक्षण का भी सामूहिक संकल्प लिया तथा प्रकृति संवर्धन का संदेश दिया। इस अवसर पर 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर लगाए गए 12 पौधों का भी अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान यह देखकर सभी ने संतोष व्यक्त किया कि सभी पौधे सुरक्षित एवं स्वस्थ हैं। इसे संस्था, नगर परिषद तथा स्थानीय नागरिकों की सतत देखरेख और पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी जागरूकता का सकारात्मक परिणाम बताया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद लांजी के उपाध्यक्ष संदीप कुमार रामटेककर, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद लांजी के विकासखंड समन्वयक संतोष नगपुरे, नवांकुर संस्था के सदस्य, नगर परिषद के कर्मचारी गुलाब लटारे, विनोद रहमतकर, बिहारी मोहबिया एवं गोविंद राउत, नगर विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष कैलाश ब्रह्मपुरे, निर्माण कंप्यूटर सेंटर के छात्र-छात्राएँ तथा नगर के अनेक गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता कर पर्यावरण संरक्षण के इस जनअभियान को सफ्ल बनाया।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने, उनका संरक्षण करने तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, हरित एवं संतुलित पर्यावरण के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया गया। 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान ने पौधारोपण को केवल एक औपचारिकता न बनाकर प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता, मातृ सम्मान और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रेरणादायी संदेश भी दिया।

# भगवा ध्वज त्याग, तपस्या, राष्ट्रभक्ति और सनातन संस्कृति का प्रतीक..

## सिद्धेश्वर मंगल भवन में आर एस एस का गुरु पूर्णिमा व समर्पण कार्यक्रम संपन्न..





जगप्रेरणा लांजी।

***नगर के सिद्धेश्वर मंगल भवन में शुक्रवार, 1अगस्त को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने गुरू पूर्णिमा उत्सव एवं समर्पण दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया।***

कार्यक्रम में नगर एवं खंड के स्वयंसेवक दोपहर 3 बजे एकत्रित हुए। शाखा का आयोजन कर संघ परंपरा के अनुसार भगवा ध्वज का गुरु पूजन किया गया तथा स्वयंसेवकों ने समर्पण अर्पित कर राष्ट्रसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

कार्यक्रम में खंड संघचालक विजय रामटेक्कर की विशेष उपस्थिति रही, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में जिला प्रचारक अनिल जी ने स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने गुरू पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में भगवा ध्वज को गुरु का स्थान प्राप्त है, जो त्याग, तपस्या, राष्ट्रभक्ति और सनातन संस्कृति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि गुरु पूजन आत्मचिंतन, संगठन के प्रति समर्पण और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को सुदृढ़ करने का अवसर है।

मुख्य वक्ता ने वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए कहा कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए शाखा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। शाखा के माध्यम से व्यक्तित्व निर्माण, अनुशासन, संगठन क्षमता और राष्ट्रभाव का विकास होता है।

उन्होंने स्वयंसेवकों से आग्रह किया कि वे संघ के उद्देश्यों को लेकर समाज के प्रत्येक वर्ग के बीच सतत संपर्क एवं सेवा कार्य करते रहें तथा सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता को मजबूत बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

कार्यक्रम का समापन प्रार्थना के साथ हुआ। इस अवसर पर नगर एवं खंड के अनेक स्वयंसेवक उपस्थित रहे।






मंडला जिले में हिन्दी दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
हेमंत नायक
मो. 88273 19933



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

## ऑक्सीजन नही मिलने से मां बाप की उपस्थिति में एम्बुलेंस में तड़प-तड़प कर चली गई 21 वर्षीय युवक अजीत की जान..

**मंडला की स्वास्थ्य व्यवस्था पर उठे गंभीर सवाल.. परिवारजनों का रो रोकर बूरा हाल..**




जगप्रेरणा मंडला।

*आदिवासी बाहुल्य मंडला जिले से एक बार फिर स्वास्थ्य व्यवस्था की गंभीर खामियां उजागर करने वाला मामला सामने आया है। आरोप है कि 108 एम्बुलेंस में ऑक्सीजन की पर्याप्त व्यवस्था न होने के कारण 21 वर्षीय किडनी मरीज अजीत की रास्ते* में ही मौत हो गई। इस घटना ने जिले की आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं और एम्बुलेंस प्रबंधन पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। मृतक के परिजनों के अनुसार अजीत लंबे समय से किडनी रोग से पीड़ित था और उसका नियमित डायलिसिस चल रहा था। 27 जुलाई को अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई तथा उसे सांस लेने में गंभीर परेशानी होने लगी।

परिजनों ने तत्काल 108 एम्बुलेंस को सूचना दी, लेकिन उनका आरोप है कि एम्बुलेंस करीब एक घंटे बाद मौके पर पहुंची। परिजनों का कहना है कि मरीज की हालत गंभीर होने के बावजूद एम्बुलेंस कर्मियों ने डॉक्टर के निर्देश का हवाला देते हुए तत्काल ऑक्सीजन नहीं लगाई। इसके बाद अजीत को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बम्हनी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला चिकित्सालय मंडला रेफर कर दिया। बम्हनी अस्पताल से ऑक्सीजन सपोर्ट के साथ मरीज को मंडला भेजा गया, लेकिन रास्ते में एम्बुलेंस का ऑक्सीजन सिलेंडर खाली हो गया।

परिजनों का आरोप है कि ऑक्सीजन खत्म होने के बाद अजीत पूरी यात्रा के दौरान सांस के लिए तड़पता रहा और जिला अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। मृतक के पिता ने कहा कि यदि एम्बुलेंस में पर्याप्त ऑक्सीजन उपलब्ध होती या सिलेंडर खाली होने की जानकारी पहले दे दी जाती तो वे स्वयं व्यवस्था कर बेटे की जान बचाने का प्रयास करत यह घटना इसलिए भी गंभीर मानी जा रही है क्योंकि बम्हनी से जिला चिकित्सालय मंडला की दूरी लगभग 15 से 20 किलोमीटर ही है। इसके बावजूद मरीज को जीवित अस्पताल तक नहीं पहुंचाया जा सका।

मामले में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से सवाल किए जाने पर जिम्मेदार अधिकारियों ने एम्बुलेंस संचालन और संसाधन प्रबंधन से जुड़ी जिम्मेदारी उच्च स्तर के प्रबंधन और ठेका एजेंसियों पर होने की बात कही। हालांकि इस घटना के बाद आम लोगों में स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर नाराजगी और चिंता बढ़ गई है।

अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि जीवन रक्षक सेवाओं में ही ऑक्सीजन जैसी बुनियादी व्यवस्था उपलब्ध नहीं होगी, तो आपात स्थिति में मरीजों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित की जाएगी? साथ ही इस मामले में जिम्मेदारी तय कर दोषियों पर कार्रवाई होगी या नहीं, इस पर भी सभी की निगाहें टिकी हुई हैं।

## मंडला को मिला 8.10 करोड़ का नवीन तहसील भवन

**जनता को मिलेगी समय पर और सम्मानजनक सेवा- मंत्री श्रीमती संपतिया उईके**

**नए भवन से बदलेगा राजस्व तंत्र का स्वरूप - बोली श्रीमती उईके**





जगप्रेरणा मंडला।

*मंडला नगर के नेहरू स्मारक चौराहे के समीप बने नवीन तहसील भवन का लोकार्पण शनिवार को किया गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके और सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने विधिवत पूजन, शिला पट्टिका अनावरण एवं फीता काटकर भवन का शुभारंभ किया।*

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केबिनेट मंत्री श्रीमती उईके ने कहा कि पुराने तहसील भवन में हमारे राजस्व अधिकारियों और कर्मचारियों को वर्षो से असुविधाजनक परिस्थितियों में कार्य करना पड़ रहा था। बरसात के दिनों में छत टपकना, जगह की कमी और बैठने की दिक्कत होती थी। इससे न सिर्फकर्मचारियों को समस्या होती थी, बल्कि आम नागरिकों को भी काम कराने में परेशानियों का सामना करना पड़ता था। अब नये भवन में तहसील कार्यालय शुरू होने से पुरानी दिक्कतें खत्म होंगी और राजस्व के कार्यों को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश शासन ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए 8.10 करोड़ रुपये की लागत से एक भव्य तीन मंजिला तहसील कार्यालय का निर्माण कराया है।

यह भवन आधुनिक सुविधाओं से युक्त है और निश्चित रूप से यहां आने वाले हर व्यक्ति को समय पर, पारदर्शी और सम्मानजनक सेवा मिलेगी। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश भर में अधोसंरचना को मजबूत किया जा रहा है ताकि शासन की योजनाएं सीधे जनता तक पहुंच सकें। श्रीमती उईके ने मंडला नगर के विकास के लिए प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि शहर के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना बनाई जा रही है। आने वाले समय में मंडला को एक विकसित और सुविधायुक्त शहर के रूप में देखा जाएगा। उन्होंने इस नवीन भवन के लिए समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों और नगरवासियों को बधाई दी। सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि यह सुविधा युक्त भवन मंडला तहसील के लोगों को समर्पित है। जिले में घुघरी, नैनपुर, बिछिया और मंडला में अनुविभागीय कार्यालय बन चुके हैं तथा निवास का नवीन तहसील भवन भी लगभग तैयार है। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्री शैलेष मिश्रा, वरिष्ठ समाज सेवी श्री प्रफुल्ल मिश्रा, श्री जयदत्त झा, कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे, अपर कलेक्टर श्री हुनेन्द्र घोरमारे, एसडीएम श्रीमती सोनल सिडाम, तहसीलदार श्री हिमांशु भलावी सहित जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्री अखिलेश उपाध्याय ने किया।

### प्रदेश शासन की पुनर्घनत्वीकरण योजना के अन्तर्गत बनाया गया है भवन

मध्यप्रदेश शासन की पुनर्घनत्वीकरण योजना के अन्तर्गत यह नवीन तहसील भवन बनाया गया है। 8.10 करोड़ रुपये की लागत से बनाए गए इस तीन मंजिला भवन का कुल क्षेत्रफ्ल 2845 वर्ग मीटर है। भवन में 07 कोर्ट, 30 कक्ष और 02 बैठक हॉल बनाए गए हैं। लोगों की सुविधा के लिए सीढ़ियों के अलावा लिफ्ट और रैम्प भी बनाया गया है। लोकार्पण समारोह के अवसर पर केबिनेट मंत्री श्रीमती उईके एवं सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने भवन के कोर्ट रूम, हॉल तथा अन्य कक्षों का भ्रमण किया और व्यवस्थाएं देखी।

## भाजपा की जिला स्तरीय बैठक में बनाई गई आगामी अभियानों की रणनीति..





जगप्रेरणा मंडला।

*भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में शनिवार को जिला स्तरीय संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, प्रदेश की कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके तथा भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल मिश्रा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में संगठनात्मक* गतिविधियों की समीक्षा के साथ आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान मंडला, बिछिया, नैनपुर, बम्हनी एवं निवास नगर निकायों में मनोनीत पार्षदों का स्वागत किया गया। वरिष्ठ नेताओं ने नवमनोनीत पार्षदों को शुभकामनाएं देते हुए जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया। बैठक में संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी महाराज की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किए जा रहे ÷समरसता संकल्प अभियान÷ की जानकारी दी गई। साथ ही संत रविदास पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए सामाजिक समरसता, सद्भाव और सेवा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया गया।

प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार 9 अगस्त से 15 अगस्त तक आयोजित होने वाली तिरंगा यात्रा, हर घर तिरंगा अभियान तथा प्रत्येक घर पर राष्ट्रीय ध्वज फ्हराने के कार्यक्रमों को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। पदाधिकारियों को निर्देश दिए गए कि इन अभियानों को बूथ स्तर तक प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए। संगठन विस्तार को गति देने के उद्देश्य से सभी मोर्चों के जिला अध्यक्षों को अपने-अपने मंडल पदाधिकारियों की नियुक्ति शीघ्र पूर्ण कर सूची जिला कार्यालय में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर सांसद फ्गगन सिंह कुलस्ते ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व द्वारा निर्धारित प्रत्येक अभियान को सेवा और समर्पण की भावना के साथ बूथ स्तर तक पहुंचाना कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक अभियान समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का माध्यम है। वहीं जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने संगठन की मजबूती में कार्यकर्ताओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए आगामी अभियानों को सफ्ल बनाने का आह्वान किया। बैठक के अंत में मंडला नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा के अनुज स्वर्गीय प्रमोद कछवाहा के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष राजेश जैन ने किया तथा आभार जिला महामंत्री नरेश चंद्रौल ने व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री संतोष रजक, महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री शशि पटेल, अजजा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज मरकाम, पूर्व जिलाध्यक्ष रोचीराम गुरवानी सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100/- प्रतिदिन..
दैनिक जगप्रेरणा में विज्ञापन हेतु संपर्क करें..
मो. 9329033434

## जन्मदिन को सेवा और जागरूकता का पर्व बनाकर बच्चों संग मनाया उत्सव..



### विश्व स्तनपान सप्ताह एवं दस्तक अभियान के तहत निकाली गई जागरूकता रैली

जगप्रेरणा महाराजपुर।

विश्व स्तनपान सप्ताह के शुभारंभ अवसर पर बूढ़ी माई वार्ड क्रमांक 23 स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में स्वास्थ्य एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र की महिलाओं, गर्भवती एवं धात्री माताओं, किशोरी बालिकाओं तथा स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय श्रीमती उमा यादव ने अपना जन्मदिन बच्चों के बीच मनाकर एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्र में उपस्थित बच्चों को फ्ल, मिठाई, खिलौने एवं कपड़ों का वितरण किया। बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ दिखाई दिया। उपस्थित लोगों ने उनके इस मानवीय एवं सामाजिक कार्य की सराहना की।

कार्यक्रम के दौरान विश्व स्तनपान सप्ताह ( 1 से 7 अगस्त ) के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। महिलाओं को बताया गया कि मां का दूध नवजात शिशु के लिए सर्वोत्तम एवं संपूर्ण आहार है, जो शिशु की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के साथ उसके शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विशेषज्ञों ने कहा कि स्तनपान न केवल बच्चे के स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है, बल्कि यह मां के स्वास्थ्य संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है।

इसी क्रम में दस्तक अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, कुपोषण रोकथाम, स्वच्छता, नियमित टीकाकरण तथा बच्चों की समय-समय पर स्वास्थ्य जांच से संबंधित संदेशों का प्रचार-प्रसार किया गया। रैली के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने तथा बच्चों में बीमारी के लक्षण दिखने पर तुरंत चिकित्सा परामर्श लेने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में एएनएम श्रीमती भारती हरदहा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शिप्रा बक्सी ने महिलाओं को स्तनपान, बच्चों के पोषण, नियमित टीकाकरण एवं स्वास्थ्य परीक्षण के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने माताओं से शिशु के जन्म के तुरंत बाद स्तनपान शुरू करने तथा छह माह तक केवल मां का दूध देने की अपील की। साथ ही छह माह बाद पूरक आहार के साथ स्तनपान जारी रखने के लाभ भी बताए गए।

इस अवसर पर श्रीमती उमा यादव ने कहा कि जरूरतमंद बच्चों के साथ खुशियां बांटना उनके जीवन का सबसे सुखद अनुभव है। उन्होंने कहा कि समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्गों के प्रति संवेदनशीलता, सहयोग और सेवा की भावना ही सच्ची समाजसेवा है। उनका यह प्रयास सामाजिक उत्तरदायित्व और मानवता का प्रेरणादायक संदेश देने वाला माना जा रहा है। कार्यक्रम में वार्ड की महिलाएं, गर्भवती माताएं, धात्री महिलाएं, किशोरी बालिकाएं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं अन्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने, स्तनपान को बढ़ावा देने तथा स्वस्थ समाज के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया।

## राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा को सौंपा गया ज्ञापन..

## नर्मदा-मैकलसुता भोरमदेव एवं नर्मदा - विंध्य रेल कॉरिडोर की मांग हुई तेज

**राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा को सौंपा गया ज्ञापन..**

**नर्मदा-मैकलसुता भोरमदेव एवं नर्मदा-विंध्य रेल कॉरिडोर की मांग तेज**



जगप्रेरणा मंडला/जबलपुर।

*मंडला जिले के रेल विकास एवं विस्तार से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया। जबलपुर प्रवास के दौरान उनके निवास पर हुई बैठक में क्षेत्र की रेल सुविधाओं के विस्तार, आदिवासी अंचल के विकास तथा नई रेल परियोजनाओं को राष्ट्रीय स्तर* पर गति देने को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान निवास विधायक चैनसिंह वरकड़े, वरिष्ठ समाजसेवी नारायण सिंह पत्ता एवं 'नित्य भारत' समाचार पत्र के प्रधान संपादक सुभाष पांडे सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने सांसद से आग्रह किया कि वे इन मांगों को संसद में विशेष उल्लेख अथवा शून्यकाल के माध्यम से प्रमुखता से उठाएं।

### ■ नर्मदा-मैकलसुता भोरमदेव रेल कॉरिडोर की मांग

ज्ञापन में बिलासपुर - पंडरिया - मंडला - ग्वारीघाट के लगभग 230 किलोमीटर के मिसिंग लिंक को जोड़ते हुए ÷नर्मदा-मैकलसुता भोरमदेव रेल कॉरिडोर÷ के लिए अद्यतन ट्रैफ्कि सर्वे स्वीकृत करने की मांग की गई। साथ ही इसे कटघोरा - उसलापुर - तखतपुर - मुंगेली - कवर्धा - डोंगरगढ़ रेल परियोजना से जोड़कर राष्ट्रीय प्राथमिकता वाला रेल कॉरिडोर घोषित करने का आग्रह किया गया।

### ■ नर्मदा-विंध्य रेल कॉरिडोर को मंजूरी देने की मांग

प्रतिनिधिमंडल ने पेंड्रा - अमरकंटक - डिंडोरी - मंडला - गोरेगांव रेल परियोजना के अंतर्गत प्रस्तावित ÷नर्मदा-विंध्य रेल कॉरिडोर÷ के लिए शीघ्र फाइनल लोकेशन सर्वे (स्नस्र) स्वीकृत कर विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार करने की प्रक्रिया शुरू करने की मांग भी रखी।

### ■ मंडला फोर्ट और नैनपुर जंक्शन को शामिल करने की मांग

*ज्ञापन में यात्रियों की सुविधा और बेहतर रेल संचालन को ध्यान में रखते हुए मंडला फोर्ट रेलवे स्टेशन एवं नैनपुर जंक्शन को पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर जोन में शामिल करने की मांग उठाई गई। साथ ही मंडला फोर्ट रेलवे स्टेशन को विकसित कोचिंग टर्मिनल स्टेशन के रूप में विकसित करने का भी प्रस्ताव रखा गया।*

### ■ पर्यटन, रोजगार और आदिवासी विकास को मिलेगी गति

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि ये रेल परियोजनाएं केवल परिवहन सुविधा तक सीमित नहीं हैं, बल्कि आदिवासी अंचल के सामाजिक-आर्थिक विकास, रोजगार सृजन, पर्यटन संवर्धन और क्षेत्रीय संतुलित विकास से भी जुड़ी हुई हैं। परियोजनाओं के क्रियान्वयन से अमरकंटक, कान्हा राष्ट्रीय उद्यान, भोरमदेव, भेड़ाघाट और रतनपुर जैसे प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों की पहुंच बेहतर होगी तथा मध्य भारत को एक नया रणनीतिक रेल कॉरिडोर प्राप्त होगा। स्वतंत्र रेल एक्टिविस्ट नितिन सोलंकी ने कहा कि नर्मदा-मैकलसुता भोरमदेव और नर्मदा-विंध्य रेल कॉरिडोर महाकौशल एवं आदिवासी अंचलों के विकास की जीवनरेखा साबित हो सकते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा इस जनहित के मुद्दे को संसद में प्रभावी ढंग से उठाएंगे। क्षेत्रीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने उम्मीद जताई है कि दोनों रेल परियोजनाओं के सर्वे कार्यों को शीघ्र स्वीकृति मिलेगी तथा मंडला फोर्ट और नैनपुर जंक्शन को पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर जोन में शामिल कर क्षेत्र को बेहतर रेल सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

## जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी शाश्वत सिंह मीना ने किया एकलव्य विद्यालय सेमरखापा का आकस्मिक निरीक्षण..



जगप्रेरणा मंडला।

*मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्री शाश्वत सिंह मीना द्वारा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, सेमरखापा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान* विद्यालय की शैक्षणिक एवं व्यवस्थागत गतिविधियों का अवलोकन कर संस्था की व्यवस्थाओं की जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने संस्था के प्राचार्य से विद्यालय संचालन, विद्यार्थियों की सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित करने तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही विद्यालय में सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने पर भी जोर दिया। इस अवसर पर सहायक आयुक्त श्री अरूण शुक्ला उपस्थित रहे।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433





विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433


# विज्ञान की प्रायोगिक शिक्षा से रोजगार प्राप्त करना होता है आसान - डॉ. मूर्ति..




जगप्रेरणा सालेकसा।

***प्रताप मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट, गोंदिया द्वारा संचालित शंकरलाल अग्रवाल विज्ञान महाविद्यालय, सालेकसा में 31 जुलाई 2026 को नवप्रवेशित विद्यार्थियों***

के लिए उद्‌बोधन (ओरिएंटेशन) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. नारायण मूर्ति ने की। प्रमुख अतिथियों के रूप में वनस्पति शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. अपर्णा खुरसेल, रसायन शास्त्र विभाग के प्रा. अविनाश डोणगापुरे, प्राणी शास्त्र विभाग के डॉ. अमरपाल भदौरिया, गणित विभाग की प्रा. गायत्री चौधरी, संगणक विज्ञान विभाग की प्रा. सुनीता सुलाखे, भौतिक विज्ञान विभाग की प्रा. प्रणाली शिंगाडे, क्रीड़ा विभाग के डॉ. संजय बिरनवार तथा ग्रंथालय विभागाध्यक्ष प्रा. राहुल कवाडे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभिक परिचय (प्रास्ताविक) प्रा. अविनाश डोणगापुरे ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले सभी विद्यार्थियों को महाविद्यालय के विभिन्न विभागों, शिक्षकों, उपलब्ध सुविधाओं तथा शैक्षणिक संसाधनों की विस्तृत जानकारी दी गई। अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्य डॉ. एस. नारायण मूर्ति ने कहा कि विज्ञान की प्रायोगिक शिक्षा विद्यार्थियों को रोजगार के लिए अधिक सक्षम बनाती है।

उन्होंने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति **(NEP)** की विशेषताओं एवं उसके विद्यार्थियों के लिए लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही महाविद्यालय में आयोजित रोजगार मेले के माध्यम से विभिन्न विद्यार्थियों को प्राप्त रोजगार की जानकारी देते हुए उनका महाविद्यालय परिवार की ओर से स्वागत किया। इसके पश्चात सभी विद्यार्थियों को विभिन्न प्रयोगशालाओं, ग्रंथालय एवं क्रीड़ा विभाग का भ्रमण कराया गया तथा वहां उपलब्ध सुविधाओं से अवगत कराया गया।

समान अवसर केंद्र द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन डॉ. गिरीश देशमुख ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन डॉ. मच्छिंद्र नंदेश्वर ने किया। कार्यक्रम में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के साथ महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# फिर टूटा बैरिकेड: कौन तोड़ देता है बारबार बैरिकेट, प्रशासन की खबरदारी पर वाहन चालक फेर रहे पानी

## वाहन चालको के जान के दुश्मन बने कुछ असामाजिक तत्व पुलिस हस्तक्षेप कर करे इन असामाजिक तत्वो पर कार्यवाही..



जगप्रेरणा आमगांव।

***सालेकसा-आमगाव मार्ग पर बाध नदी पर स्थित जर्जर पुल पर भारी वाहनो की यातायात रोकने के लिए लगाया गया बैरिकेड कुछ असामाजिक तत्वो द्वारा फिर एक बार फिर तोडा गया है***

अंदाज लगाया जा रहा है की भारी वाहन चालक द्वारा इस पुल पर से यातयात करने की कोशिश मे कुछ असामाजिक तत्वो ने फिर लगाया गया बैरिकेट तोडने का प्रयास किया जिससे गंभीर सुरक्षा संकट उत्पन्न हो गया है। पुल की जर्जर स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने इस पर आवागमन प्रतिबंधित किया था, लेकिन बैरिकेड टूटने के बाद कुछ वाहन चालक अपनी जान जोखिम में डालकर इस पुल से गुजर रहे हैं नये पुल के निर्माण तक छोटे वाहनचालक की यातयात अबाधित सुरू रहे इसी हेतु से जर्जर पुल से भारी वाहनो की यातयात बंद करने के हेतु बाघ नदी पुल के दोनो बाजु बॅरिकेड्स लगाये गये यह पहली बार ही नही बारबार प्रशासन बैरिकेड लगा रहा है किंतु कुछ असामाजिक ने कई बार इस बैरीकेट को तोड रहे है जिससे वाहनचालक की जान जोखिम मे पड रही है इस समस्या के स्थाई समाधान हेतु जो असामाजिक तत्व बैरिकेड तोड रहे है उनका पतता लगाने हेतु सीसीटीव्ही कैमरे लगाकर उन असामाजिक तत्वो का पता लगाकर कानुनी कार्यवाही करने की आवश्यक है टूटे हुए बैरिकेड के कारण विशेषकर रात के समय और बारिश में दुर्घटना की आशंका काफी बढ़ गई है। इससे यात्रियों, स्कूली विद्यार्थियों और किसानों की सुरक्षा पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा हो गया है। इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों नागरिक, स्कूली छात्र-छात्राएं और किसान आवागमन करते हैं। नए पुल का निर्माण अभी तक पूरा नहीं होने के कारण लोगों को लंबा चक्कर लगाकर यात्रा करनी पड़ रही है। अब बैरिकेड भी निष्प्रभावी हो जाने से भारी वाहनो की यातयात फिर सुरू होने की संभावना बढ जाती है जिससे कभी भी बडी दुर्घटना होने की संभावना बढ़ रही है

ग्रामीणों ने सार्वजनिक निर्माण विभाग **(PWD)** और जिला प्रशासन से मांग की है कि पुल पर तत्काल मजबूत लोहे का बैरिकेड लगाया जाए, स्पष्ट चेतावनी बोर्ड स्थापित किए जाएं तथा सुरक्षा के लिए पुलिस या सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की जाए।ग्रामीणों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि 'किसी बड़े हादसे का इंतजार करने के बजाय प्रशासन को अभी ठोस और स्थायी कदम उठाने चाहिए, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।'

# थाईलैंड में हो रही अंतर्राष्ट्रीय तायक्वांडो प्रतियोगिता में दुलीचंद मेश्राम का भारतीय टीम के टीम कोच के रूप में चयन..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***वर्ल्ड तायक्वांडो सलंग्नित तायक्वांडो एसोसिएशन ऑफ थाईलैंड और हीरोज तायक्वांडो ऑर्गनाइजेशन थाईलैंड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हीरोज कप 9 वीं अंतर्राष्ट्रीय तायक्वांडो***

चैंपियनशिप 2026 का आयोजन नेशनल स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर, पटाया शहर, थाईलैंड में दिनांक 31 जुलाई से 02 अगस्त 2026 के बीच किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में गोंदिया के अंतर्राष्ट्रीय तायक्वांडो रेफरी और कोच दुलीचंद मेश्राम का भारतीय टीम के टीम कोच के रूप में चयन किया गया है।

इस चैंपियनशिप में पूरे विश्व से 50 से ज्यादा देश हिस्सा ले रहे हैं, इससे पहले भी दुलीचंद मेश्राम ने कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय तायक्वांडो प्रतियोगिताओं में रेफरी और कोच के रूप में कार्य किया है। मेश्राम पिछले कई वर्षों से गोंदिया जिले में तायक्वांडो, महिला आत्मरक्षा, युवा विकास के साथ-साथ सामाजिक क्षेत्र में भी सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं।

मेश्राम इनके कार्यों को ध्यान में रखते हुए उन्हें इसके पहले जिला प्रशासन की ओर से गुणवंत क्रीड़ा मार्गदर्शक पुरस्कार और सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में सम्मानित किया जा चुका है, मेश्राम वर्ल्ड तायक्वांडो मुख्यालय, कुक्किवोन, साउथ कोरिया द्वारा 5 डान ब्लैक बेल्ट डिग्री प्राप्त हैं, साथ ही वर्ल्ड तायक्वांडो फेडरेशन, साउथ कोरिया इस वैश्विक संस्था के अंतर्राष्ट्रीय रेफरी के रूप में भी योग्य हैं।

मेश्राम की नियुक्ति पर गोंदिया विधानसभा के विधायक विनोद अग्रवाल, आमगांव विधानसभा के विधायक संजय पुराम, अर्जुनी मोरगांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजकुमार बडोले, जिला क्रीडा अधिकारी लक्ष्मीशंकर यादव, जिला तायक्वांडो असोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. खगेंद्र येडे, डॉ. अजय बिरनवार, तायक्वांडो कोच और कार्यकारिणी सदस्य अमित मेश्राम, निलेश फुलबांधे, कमलेश बारेवार, ओमेश्वर तांडेकर, धर्मेंद्र दमाहे, टीकेश्वर सोनवाणे, अर्जुन पटले, स्वप्निल ठाकरे, कुंजान डोये, कुसुम पटले, भारती चाचाने, आचल राऊत के साथ-साथ जिले के अनेक क्रीड़ा शिक्षकों और क्रीड़ा प्रेमियों ने उनका अभिनंदन किया है।

# छात्रवृत्ति परीक्षा में पूर्ति पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों की शानदार सफलता..






जगप्रेरणा सालेकसा।

***पूर्ति पब्लिक स्कूल, सालेकसा के विद्यार्थियों ने पूर्व उच्च प्राथमिक छात्रवृत्ति परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है।***

विद्यालय की कक्षा 4 में अध्ययनरत अधिरा समरीत, अवनीश पटले, अनन्या शहारे एवं दक्ष तुरकर ने छात्रवृत्ति परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त कर छात्रवृत्ति के लिए पात्रता हासिल की। इस अवसर पर संस्था के सचिव डॉ. राजेंद्र बडोले, अध्यक्षा शालिनीताई बडोले तथा प्राचार्य प्रशांत बंसोड ने सफल विद्यार्थियों की सराहना करते हुए उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दीं। विद्यार्थियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत एवं सम्मान भी किया गया।

विद्यार्थियों की इस सफलता में उनकी कड़ी मेहनत तथा विद्यालय के शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन का महत्वपूर्ण योगदान रहा। विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, विद्यालय के शिक्षकगण एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को दिया।

## गोंदिया पुलिस डायरी..

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो. 9922607145

### शराब के नशे मे वाहन चलाने के 3 अलग अलग मामले दिनांक 31/ 7/ 2026 को हुवे दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

**गोंदिया जिले के 3 पुलिस थानो मे शराब के नशे मे वाहन चलाने के 3 मामले दर्ज किये गये है।**

**पोस्टे नवेगांव बांध मे आरोपी जितेन्द्र आनंदराव राऊत उम्र 45 वर्ष निवासी देवलगाव यह अपनी मोटर सायकल क्रमांक एम एच 35 एके 8041 शराब के नशे मे वाहन चलाते पकडाने से पोस्टे नवेगाव बांध मे अपराध क्रमांक 189/2026 धारा 185 मोवाका के तहत अपराध दर्ज कर जॉच मपोहवा वैशाली घनमारे 1676 पोस्टे नवेगाव बांध कर रही है।**

**दुसरा मामला पोस्टे सालेकसा मे आरोपी प्रमोद विजयजी चन्नेकर उम्र 35 वर्ष निवासी अंजोरा यह अपनी मोटरसायकल क्रमांक एम एच 35 टी 5008 शराब के नशे मे वाहन चला रहा था। उसे ब्रिथ अनॉलायझर लगाकर चेक किये रिजन्ट पाझीटीव्ह आने से फर्यादी पोशी रविन्द्र परीहार पोस्टे सालेकसा की शिकायत पर पोस्टे सालेकसा मे अपराध क्रमांक 367/2026 धारा 185 मोवाका के तहत अपराध दर्ज कर जाच पोहवा खांडवाहे 1161 पुलिस स्टेशन सालेकसा कर रहे है।**

**तीसरा मामला पोस्टे अर्जुनी मोर मे दर्ज किया गया है। जहा आरोपी ओमकार मारोती मेश्राम उम्र 35 वर्ष निवासी सिरोली ने अपनी मोटरसायकल क्रमांक एम एच 35 बी डी 5941 यह शराब के नशे मे चलाते समय पकडाये जाने पर फर्यादी पोशी हरिष कटनकर 2124 की शिकायत पर पोस्टे अर्जुनी मोर मे अपराध क्रमांक 322/2026 धारा 185 मोवाका के तहत अपराध दर्ज कर जाच पोहवा झुमनलाल वाढई 1511 पोस्टे अर्जुनी मोर कर रहे है।**

# जी.के. महाविद्यालय में गुरु पूर्णिमा श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई

जगप्रेरणा प्रा राकेश रोकडे सालेकसा।




***जी.के. महाविद्यालय में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. प्रतिमा यादव***

ने की,जबकि श्री जी.के. दशरिया के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का सफल आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं गुरु के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने गुरु वंदना, स्वागत गीत तथा प्रेरणादायी सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देकर उपस्थितजनों का मन मोह लिया।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्य डॉ. प्रतिमा यादव ने कहा कि गुरु केवल शिक्षा ही नहीं देते, बल्कि जीवन को सही दिशा, संस्कार और सकारात्मक सोच भी प्रदान करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से गुरुजनों के प्रति सम्मान, अनुशासन एवं समर्पण की भावना बनाए रखने का आह्वान किया। इस अवसर पर श्री जी.के. दशरिया ने गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च माना गया है। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों को अपनाकर आदर्श नागरिक बनने का संदेश दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। अंत में सभी विद्यार्थियों ने अपने गुरुजनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान एवं आभार प्रदर्शन के साथ हुआ।

# साक्षरता सार्वजनिक पुस्तकालय में अण्णाभाऊ साठे जयंती एवं लोकमान्य तिलक पुण्यतिथि उत्साहपूर्वक मनाई गई..



जगप्रेरणा सालेकसा

***01 अगस्त 2026 शनिवार को साक्षरता सार्वजनिक पुस्तकालय, आमगांव खुर्द (सालेकसा) में साहित्यरत्न अण्णाभाऊ साठे की जयंती***

तथा लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की पुण्यतिथि श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर दोनों महान विभूतियों के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उनके सामाजिक, शैक्षणिक एवं राष्ट्रनिर्माण में दिए गए अमूल्य योगदान को याद किया गया। उपस्थित विद्यार्थियों को उनके प्रेरणादायी जीवन, संघर्ष और विचारों से अवगत कराया गया तथा उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में पुस्तकालय के संचालक श्री नेपाल आर. पटले, श्री युमेश गौतम, श्री तुषार तुरकर, श्री राम गायकवाड़ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यार्थियों से महापुरुषों के विचारों से प्रेरणा लेकर पढ़ने की आदत विकसित करने तथा समाजहित में कार्य करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम उत्साहपूर्ण एवं प्रेरणादायी वातावरण में संपन्न हुआ।

**व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..** बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और स्वयं और अन्य लोगों को भी ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरों से जोड़ें।

## जगप्रेरणा फोटो कैप्शन



एक पेड़ मां के लिए मुश्ताक अंसारी इनकी माताजी स्वर्गीय नूरजहां अंसारी का 1 वर्ष पूर्व आज ही के दिन निधन हो गया था, उनकी याद में अन्सारी द्वारा यह सोचकर एक पेड़ लगाया कि जिस तरह मां ने हमें अपने छत्रछाया में रखा इस तरह यह पेड़ भी बड़ा होकर उन्हीं की तरह धूप और बरसात से राहत देगा।

छायाचित्रः प्रा राकेश रोकडे

## खेत मे पानी जाने की बात पर की मारपीट मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

**गोंदिया जिले के सालेकसा पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 29/6/2026 के 12 बजे के दरम्यान सलंगटोला मे फर्यादी भुमेश्वर मोहपत मुनेश्वर उम्र 45 वर्ष निवासी सलंगटोला अपने खेत मे पानी ज्यादा होने से बाजु के खेत मे जाने दे रहा था।**

**वही आरोपी ने आकर कहा पानी मेरे खेत मे मत जाने दे बोलकर गलीगलोच की और दोनो आरोपी ने आकर उसे निचे गिराकर मारपीट की फर्यादी के हाथ पैर मे चोट लगी पत्नि बीच मे आयी तो उसे भी गालीगलोच कर जान से मारने की धमकी देने से दिये शिकायत पर पोस्टे सालेकसा मे अपराध क्रमांक 366/2026 धारा 117, 2, 115, 2, 351, 3, 352, 3, 5, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोना राऊत 1910 पोलीस स्टेशन सालेकसा कर रहे है।**




अंकुर टेस्ट ट्युब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाऐं..
■ टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET)
■ इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI)
■ (IUI) आय.यू.आय.
■ अधिक उम्र में मातृत्व
■ ओव्हम डोनेशन द्वारा
■ बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
■ पुरुष बंधत्व निदान व उपचार
■ शुक्राणु बैंक सुविधा
■ सोनोग्राफी
■ हार्मोंस की जांच
■ हार्मोंस की गड़बड़ी की ईलाज
■ दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
डॉ. संजीव चिटणवीस
अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस
प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754

12 रविवार 02 अगस्त 2026
जग प्रेरणा live गोंदिया भंडारा
● आमगांव ● गोरेगांव ● सड़क अर्जुनी ● देवरी ● सालेकसा ● अर्जुनी मोरगांव ● तिरोड़ा ● लाखांदुर ● साकोली

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

# 'समाधान शिविर' का आयोजन लोक कल्याण के लिए राज्य सरकार की सराहनीय पहल : सांसद राजेंद्र जैन

### गोंदिया के जलाराम लॉन मे आयोजित 'समाधान शिविर' में उमड़ा जनसैलाब, 17 हजार से अधिक हितग्राहियों को मिला सरकारी योजनाओं का लाभ



जगप्रेरणा गोंदिया।

***सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पारदर्शी तरीके से पहुंचाना ही जनकल्याणकारी शासन की पहचान है। प्रशासन द्वारा जनता के द्वार तक पहुंचकर सेवाएं उपलब्ध कराने की यह पहल अत्यंत सराहनीय है। यह विचार राज्यसभा सांसद राजेंद्र जैन ने 'छत्रपति शिवाजी महाराज महसूल अभियान' के अंतर्गत आयोजित भव्य समाधान शिविर में अध्यक्षीय उद्बोधन के दौरान व्यक्त किए।***

कार्यक्रम का आयोजन महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फ्डणवीस के जन्मदिवस तथा पूर्व उप मुख्यमंत्री स्व. अजितदादा पवार की जयंती के अवसर पर शनिवार को गोंदिया स्थित जलाराम लॉन में किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों, किसानों और लाभार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर विधायक डॉ. परिणय फुके, अपर जिलाधिकारी अभिजीत घोरपड़े, उपविभागीय अधिकारी चंद्रभान खंडाईत, तहसीलदार समशेर पठाण, अपर तहसीलदार श्रीकांत कांबळे, नगर परिषद के मुख्याधिकारी संदीप बोरकर, पंचायत समिति सभापति मुनेश रहांगडाले सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

इस अवसर पर विधायक विनोद अग्रवाल ने कहा कि सभी शासकीय सेवाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराकर आम नागरिकों के चेहरे पर मुस्कान लाना ही सच्ची लोकसेवा है। प्रशासन द्वारा 22 से 30 जुलाई 2026 तक आयोजित 'कर्तव्य साधना सप्ताह' तथा 1 अगस्त को आयोजित मुख्य समाधान शिविर के माध्यम से कुल 17,153 लाभार्थियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ प्रदान किया गया। इनमें सप्ताह भर में 12,913 तथा मुख्य शिविर में 4,240 लाभार्थियों को सेवाएं उपलब्ध कराई गई।


महसूल विभाग द्वारा 1,180 शासकीय प्रमाण-पत्र, 1,280 नए प्राथमिकता परिवार राशन कार्ड, 748 खातेदारों के नामों में संशोधन तथा 368 वारिस फेरफार प्रकरणों का निपटारा किया गया। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र के 245 और शहरी क्षेत्र के 250 अतिक्रमणधारकों को आवासीय पट्टों का वितरण भी किया गया।

स्वास्थ्य एवं कृषि विभाग की ओर से 9,145 आयुष्मान भारत कार्ड वितरित किए गए, जबकि पीएम किसान सम्मान निधि योजना से वंचित 290 किसानों का लाभ पुनः शुरू कराया गया। महिला सशक्तिकरण के तहत 'उमेद' परियोजना के माध्यम से 21 महिला स्वयं सहायता समूहों को 1.17 करोड़ रुपये का ऋण वितरित किया गया। साथ ही 247 बेबी केयर किट तथा 74 महिलाओं को मातृ वंदन योजना का लाभ प्रदान किया गया। शिविर परिसर में नागरिकों की सुविधा के लिए 24 विभागों के विशेष सेवा कक्ष, 8 नागरिक सुविधा केंद्र तथा 2 आधार सेवा केंद्र स्थापित किए गए थे, जहां विभिन्न शासकीय सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई गईं। कार्यक्रम का संचालन तहसीलदार समशेर पठाण ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन अपर तहसीलदार श्रीकांत कांबळे ने किया। समारोह में बड़ी संख्या में किसान, लाभार्थी एवं नागरिक उपस्थित रहे।

# आकर्षक और सुगंधित 06 फुट की माला से होगा सांसद राजेन्द्र जैन का भव्य स्वागत..

### श्री मारवाड़ी युवक मंडल अध्यक्ष महेश गोयल के नेतृत्व मे आज होगा भव्य सत्कार समारोह..

### समारोह को भव्य बनाने की गई व्यापक तैयारियां..





जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया जिले के राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व विधान परिषद सदस्य राजेन्द्र जैन को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के कोटे से राज्यसभा सांसद के रुप में निर्वाचित किये जाने से संपूर्ण गोंदिया जिले में हर्ष व्याप्त है, जबकि वहीं जन जन के नेता सांसद राजेन्द्र जैन के राज्यसभा सांसद बनने से संपूर्ण मारवाड़ी समाज में भी खुशी दिखाई दे रही है, तथा श्री***

मारवाड़ी युवक मंडल द्वारा सांसद राजेन्द्र जैन के स्वागत की भव्य तैयारियां की गई है। सांसद राजेन्द्र जैन का उत्साहपूर्वक स्वागत अभिनंदन समारोह आज 02 अगस्त दिन रविवार को श्री मारवाड़ी युवक मंडल के अध्यक्ष महेश गोयल की अध्यक्षता में श्री राजस्थान कन्या विद्यालय के प्रांगण में सुबह 11 बजे से समारोहपूर्वक किया जायेगा, जिसमें सांसद श्री राजेन्द्र जैन का भव्य 06 फुट की आकर्षक एवं सुगंधित फुलों की माला सत्कार से किया जायेगा। स्वागत समारोह की जानकारी देते हुए श्री मारवाड़ी युवक मंडल के सचिव रितेश अग्रवाल ने बताया कि हमारे लाडले नेता सांसद राजेन्द्र जैन जी के स्वागत समारोह में बैंड बाजों की धुन के साथ आयोजन स्थल पर उनकी अगवानी की जायेगी। इस अवसर पर भव्य आतिशबाजी भी की जायेगी, तथा इसके उपरांत फुलों की वर्षा करते हुए सांसद राजेन्द्र जैन को मंच पर लाया जायेगा। रितेश अग्रवाल ने आगे बताया कि सत्कार समारोह में मंच एवं सभा स्थल को भव्य फुलों से सजाया गया है, तथा स्वागत के लिये आकर्षक फुलों का स्वागत द्वार भी बनाया गया है। सांसद राजेन्द्र जैन का श्री मारवाड़ी युवक मंडल के उत्साही यूवा कार्यकर्ताओं द्वारा संपूर्ण मारवाड़ी समाज की भव्य उपस्थिति में गगन भेदी नारों के साथ अभिनंदन किया जायेगा।

रितेश अग्रवाल ने आगे बताया कि समारोह में मारवाड़ी समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी भी मंचासीन रहेंगे। इस अवसर पर श्री राजस्थान महिला मंडल द्वारा स्वागत गीत की प्रस्तुती भी दी जायेगी, तथा इसके उपरांत महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन, स्वागत भाषण के साथ ही संपूर्ण कार्यक्रम को विधिवत संपन्न कराया जायेगा। कार्यक्रम के उपरांत मारवाड़ी समाजबंधुओं के लिए पारंपरिक स्नेहभोज का भी आयोजन किया गया है। श्री मारवाड़ी युवक मंडल के अध्यक्ष महेश थानुराम जी गोयल एवं सचिव रितेश अग्रवाल ने संपूर्ण मारवाड़ी समाज के सभी सदस्यों से सत्कार समारोह में सपरिवार उपस्थिति की अपील की है।

### गोंदिया शहर में पुलिस की बड़ी कार्रवाई..

# 2.05 किलो गांजा और मोबाइल जब्त, कुल 2.10 लाख रुपये का माल किया बरामद..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया पुलिस की स्थानीय अपराध शाखा (एलसीबी) ने मादक पदार्थों के खिलाफबड़ी कार्रवाई करते हुए रामनगर थाना क्षेत्र में एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2.05 किलोग्राम गांजा, एक एंड्रॉयड मोबाइल तथा अन्य सामग्री सहित कुल 2 लाख 10 हजार 800 रुपये का माल जब्त किया है।***

पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभय डोंगरे के निर्देशानुसार स्थानीय अपराध शाखा के पुलिस निरीक्षक रेवचंद सिंगनजुडे के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मनीष दीपक रामटेके (27 वर्ष), निवासी गांधी वार्ड, गोंदिया अवैध रूप से गांजा बेचने के उद्देश्य से गड्डाटोली क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने गड्डाटोली स्थित ओवरब्रिज के नीचे घेराबंदी कर आरोपी को हिरासत में लिया। पंचों की मौजूदगी में तलाशी लेने पर दो टीन के डिब्बों में रखे बैग से 2.05 किलोग्राम हरा गांजा बरामद हुआ, जिसकी कीमत 2 लाख 500 रुपये आंकी गई। इसके अलावा एक एंड्रॉयड मोबाइल (कीमत 10 हजार रुपये) तथा अन्य सामग्री जब्त की गई। कुल जब्त माल की कीमत 2 लाख 10 हजार 800 रुपये है। आरोपी के खिलाफरामनगर पुलिस थाना में एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है। यह कार्रवाई स्थानीय अपराध शाखा की टीम द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में संपन्न की गई।

# गोंदिया पहुंचने पर सांसद प्रफुल पटेल ने की कार्यकर्ताओं व आम नागरिकों से मुलाकात..

### अनेक समस्याओं का किया त्वरित समाधान..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया भंडारा जिले के नेता राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता तथा पूर्व केन्द्रिय मंत्री सांसद प्रफुल पटेल दो दिवसीय दौरा कार्यक्रम तय कर एक बार फिर गोंदिया पहुंचे। गोंदिया पहुंचने पर सांसद श्री पटेल ने आज 01 अगस्त दिन रविवार को सुबह रामनगर बगीचा स्थित अपने***

निवास पर कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं नागरिकों से मुलाकात कर उनकी विभिन्न समस्याओं एवं जनहित से जुड़े मुद्दों को गंभीरता से सुना। गौरतलब है कि सांसद श्री पटेल की उपस्थिति में दोपहर से देर शाम तक लोगों से मुलाकातों का दौर चलता रहा। इस दौरान उपस्थित नागरिकों ने अपने-अपने क्षेत्रों में विकास कार्यों, प्रशासनिक परेशानियों तथा जन सुविधाओं से संबंधित विभिन्न समस्याओं को सांसद प्रफुल पटेल के समक्ष रखा। सांसद पटेल ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों से तत्काल संपर्क किया और समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद राजेंद्र जैन, जिले के वरिष्ठ पदाधिकारी, पार्टी कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### बोले सांसद प्रफुल पटेल..

इस अवसर पर मीडिया से चर्चा करते हुए सांसद प्रफुल पटेल ने कहा कि आम नागरिकों की अनेक ऐसी समस्याएं भी होती है, जिसमें स्थानीय स्तर के साथ साथ राज्यस्तर पर भी दिशा निर्देश प्रदान कर उनके समाधान के लिये प्रयत्नों की आवश्यकता होती है। आज दिन भर में अनेक लोगों ने मुलाकात की, तथा अनेक विषयों से अवगत कराते हुए प्रमुख मांगों को उनके समक्ष रखा, जिस पर उन्होंने गौर करते हुए विषयांतर्गत निराकरण का प्रयास किया। सांसद प्रफुल पटेल ने कहा कि क्षेत्र के विकास और जन जन की समस्याओं के निराकरण हेतु वे निरंतर प्रतिबद्ध है।

### व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।

### - सूचना -

यदि आपको प्रतिदिन दैनिक जगप्रेरणा समाचार पत्र नही मिल रहा हो तो कृपया दिनेश उके से मोबाईल नंबर 9860558902 पर संपर्क करें।

गोंदिया शहर में दैनिक जगप्रेरणा की प्राप्ति हेतु संपर्क करें..
जग प्रेरणा
चौरसिया पान सेंटर
जय स्तंभ चौक बस स्टॉप, गोंदिया
मो. 08806083231

नया सोचो आयुर्वेद सोचो...
सुश्रुत प्रोक्टो आयुर्वेदा
SUSHRUT PROCTO AYURVEDA GONDIA
मुळव्याध (बवासीर), फिशर भगंदर व अन्य गुदारोग चिकित्सा व आयुर्वेद पंचकर्म केन्द्र
● कमर का दर्द ● घुटनों का दर्द
● पिठ का दर्द ● गर्दन व कंधों का दर्द
● आमवात, गठीया वात एवं सायटिका
• अत्याधुनिक सुविधा युक्त पंचकर्म चिकित्सा कक्ष
• शास्त्रशुध्द एवं गुणवत्तायुक्त स्वनिर्मीत औषधियों का प्रयोग
• रोगी एवं व्याधी अनुरुप पंचकर्म सुविधा
डॉ. अपर्णा खोब्रागडे
B.A.M.S., M.D. (Nashik)
आयुर्वेद पंचकर्म चिकित्सक
7620340356
साकेत पब्लिक स्कुल रोड़, गणेश नगर, गोंदिया 07182-796738

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com